जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोन:- 2386031, 2386032 फैक्स:- 0744-2386033 वर्ष: 49 संख्या: 294 प्रभात कोटा, मंगलवार 6 अगस्त, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## बांग्लादेश का घटनाक्रम, भारत के लिये बहुत महत्वपूर्ण है

### भारत की पहली प्राथमिकता है, इस बात की चौकसी रखना कि, कोई अन्य देश, मुख्य रूप से पाकिस्तान व चीन, अशांत परिस्थिति का लाभ उठाते हुए, बांग्लादेश में अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास न करें

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपना देश छोड़ कर भारत में शरण ली है। भारत की जिम्मेदारी है कि इसके विपरीत प्रभाव को नियंत्रित करे। बांग्लादेश में सेना ने सत्ता पर नियंत्रण कर लिया है।

बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को आरक्षण दिलाने के सरकार के निर्णय पर देश भर में महीने भर से विरोध प्रदर्शन हो रहा है, लेकिन गत दो दिनों के हालात ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए देश छोड़ने के हालात बना दिए।

खबरों के अनुसार, बांग्लादेश सेना प्रमुख राष्ट्रपति से मिले और निर्वाचित प्रतिनिधियों की चुनी हुई सरकार बनाने के विकल्पों पर बात की। बांग्लादेश के हालात और शुरुआती रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि वहां अराजकता पनप रही है।

बांग्लादेश के घटनाक्रम का भारत पर, खास कर बंगाल पर भारी प्रभाव पड़ेगा। सीमा सुरक्षा बल ने सीमा पर,

- हाल ही में निवर्तमान प्र.मंत्री शेख हसीना चीन गई थीं, राष्ट्रपति शी से मिलने, पर, वे चीन के दबाव में नहीं आयीं, बांग्लादेश के बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट में चीन को सर्वाधिकार कन्सैशन देने के लिए।
- शेख हसीना के बहुत अच्छे संबंध रहे हैं भारत से तथा वे अब बांग्लादेश छोड़कर भारत आयी हैं। अतः भारत के लिये अति महत्वपूर्ण यह भी है कि बांग्लादेश में विकसित होने वाली व्यवस्था व शेख हसीना के बीच बारीक संतुलन बनाकर रखे।
- इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्र.मंत्री से लम्बी मुलाकात कर इस घटनाक्रम की सभी बारीकियां स्पष्ट की हैं प्र.मंत्री के सम्मुख।
- चर्चा है कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने दिल्ली में शेख हसीना से मुलाकात की है।

सुरक्षा बढ़ा दी है। भारत और बांग्लादेश की सभी रेल सेवाएं फिलहाल रद्द कर दी गई हैं। ढाका हवाई अड्डा बंद है और फिलहाल दोनों देशों के बीच विमान सेवा भी बंद है।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत से अच्छे संबंध हैं, उनके अचानक सत्ता से बेदखल होने से भारत के लिए वहां हालात मुश्किल बन जाएंगे। बदले हालात में भारत को नई सरकार के साथ नए सिरे से रिश्ते बनाने होंगे और वह आसान नहीं होगा क्योंकि बांग्लादेश में कई ताकतें हैं, जो भारत के खिलाफ काम कर रही हैं।

बदले हालात में भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी अन्य देश, चीन या पाकिस्तान इस मुसीबत में फायदा उठाने की कोशिश न करें। यह भारत के लिए बड़ा खतरा हो सकता है क्योंकि पूर्व सरकार के साथ भारत से हमेशा के अच्छे रिश्ते रहे हैं।

हाल ही में जब शेख हसीना चीन गई थीं और शी जिनपिंग से मिली थीं तो बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट चीन को देने और चीन को काफी राहतें देने के दबाव में नहीं आईं थीं।

प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही बांग्लादेश के साथ भारत के रिश्ते बिगाड़ने की कोशिश कर चुकी हैं। जब उन्होंने बांग्लादेश के विरोध प्रदर्शन से पीड़ित लोगों को बंगाल में शरण देने की अपील की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आर.सी.ए. को भंग करने के खिलाफ अपील पर सुनवाई टली

जयपुर, 5 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन(आर.सी.ए.) को भंग करने के मामले में दायर अपील पर सुनवाई 12 अगस्त तक टाल दी है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस गणेश मीणा की खंडपीठ के समक्ष महाधिवक्ता ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई टाल दी।

- इस मामले में महाधिवक्ता द्वारा जवाब पेश करने के लिए समय मांगे जाने पर हाई कोर्ट ने सुनवाई 12 अगस्त तक टाल दी है।

अपील में कहा गया कि सहकारिता रजिस्ट्रार ने गत 28 मार्च को एसोसिएशन भंग कर दी थी। इसके खिलाफ दायर याचिका को एकलपीठ ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उन्हें रजिस्ट्रार के आदेश के खिलाफ अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति रखनी चाहिए थी। जबकि, खेल परिषद की शिकायत पर ही रजिस्ट्रार ने एसोसिएशन को भंग किया था। ऐसे में अपीलीय अधिकारी के तौर पर खेल सचिव के समक्ष याचिका दायर करने का कोई औचित्य ही नहीं है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बांग्लादेश का घटनाक्रम एक अन्तर्राष्ट्रीय साजिश है?

### ऐसा लगता है कि साजिश का मन्तव्य पूरे भारतीय उपमहाद्वीप को अशांत बनाना है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। शेख हसीना सरकार के एकाएक हुये पतन को इस पूरे उपमहाद्वीप को बेचैन कर देने वाली किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश की पराकाष्ठा के रुप में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा अन्य वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के साथ विचार-विमर्श करना शुरु कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, वहाँ हिन्दू अल्पसंख्यक प्रचंड हमलों का शिकार पहले से ही हो रहे हैं। भारत में रह रहे कुछ बाँग्लादेशी नागरिक आंदोलनकारियों के समर्थन में बोल रहे हैं।

कुछ लोगों का कहना है कि इस घटनाक्रम में पश्चिम शामिल है। यह संभव है कि कुछ पश्चिमी सूत्र तथा मध्य-पूर्व की कुछ ताकतें इसमें लिप्त हो सकती हैं।

अराजक बाँग्लादेश पड़ोसी के लिये एक बड़ा सिर दर्द बन सकता है।

ज्ञातव्य है कि बाँग्लादेशी संगठन 'जमात' तथा वहाँ का विपक्षी दल 'बाँग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बी.एन.पी.) भारत के विरुद्ध हैं।

वर्तमान आंदोलन के कुछ तौर - तरीके ऐसे हैं जो भारत को व्याकुल कर देने वाले हैं। आंदोलनकारियों ने ढाका के उस 'इन्दिरा गांधी सैंटर' को बेरहमी से ध्वस्त कर दिया है, जिसने बाँग्लादेश मुक्ति आंदोलन के समय तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री के योगदान का यशोगान किया था।

और भी ज्यादा परेशान करने वाला वह हमला है, जो देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, शेख मुजीबुर्रहमान की स्मृतियों के जुड़ी

- पूरे देश में हिन्दू मंदिरों, रामकृष्ण मिशन व भारत सेवाश्रम संघ के प्रतिष्ठानों पर हमले हुए हैं।
- यह भी धारणा बन रही है कि पश्चिमी देश तथा कुछ "मिडिल ईस्ट" ताकतें इस साजिश से जुड़ी हुई हैं।
- वैसे भी बांग्लादेश में मुख्य आंदोलनकारी संगठन जमात व बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी भारत के खिलाफ ही रही हैं।
- प्रदर्शनकारियों में कुछ भारत विरोधी भावनाएं भी देखी गई, जैसे- ढाका के इंदिरा गांधी सैन्टर में प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की, जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्होंने बांग्लादेश को स्वतंत्र देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थीं, की याद में बनाया गया था बांग्लादेश की आज़ादी के महानायक शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को भी नष्ट कर दिया गया।
- ऐसा माना जा रहा है कि अब बांग्लादेश कट्टर इस्लामिक प्रभाव में आयेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांग्रेस ने शिवराज सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखा

### मध्य प्रदेश के पूर्व मु.मंत्री दिग्विजय सिंह ने विशेषाधिकार प्रस्ताव लोकसभा में रखा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली,5 अगस्त। कांग्रेस पार्टी ने एक और विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव रखा है, इस बार यह प्रस्ताव केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ है।

कांग्रेस ने पूर्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव रखा था। सूत्रों का कहना है कि विशेषाधिकार प्रस्ताव अभी भी विचाराधीन है क्योंकि लोकसभा स्पीकर के कार्यालय से कांग्रेस द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

पता चला है कि संसद की विशेषाधिकार कमेटी का अभी तक भी गठन नहीं हुआ है और विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का मसला तब ही उठाया जा सकता है, जब समिति का गठन हो जाए।

कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है।

- दिग्विजय सिंह ने प्रस्ताव में कृषि मंत्री शिवराज पर संसद में झूठ बोलने का आरोप लगाया है।
- दिग्विजय सिंह के अनुसार, कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों को एम.एस.पी. पर खरीद की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि किसानों को एस.एस.पी. से अधिक दाम तो बाज़ार में वैसे ही मिल रहे हैं।
- दिग्विजय सिंह ने ऐसे कई और दृष्टांत पेश किये, जब शिवराज सिंह ने गलत जानकारी दी थी।
- जैसा कि विदित ही है, कांग्रेस ने प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव स्वीकृति के लिये स्पीकर के ऑफिस को भेज रखा है, क्योंकि अभी तक विशेषाधिकार हनन के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

गौरतलब है कि दोनों नेता मध्यप्रदेश से हैं तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और दोनों के बीच हमेशा से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा दावा करते रहे हैं कि किसानों को इनपुट लागत और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जयपुर ग्रामीण सीट के लोकसभा चुनाव नतीजे को चुनौती

जयपुर, 5 अगस्त (का.सं.)। जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा ने राजस्थान हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। जस्टिस उमाशंकर व्यास ने इस याचिका पर 13 अगस्त तक सुनवाई टाल दी है। याचिका में विजयी सांसद राव राजेन्द्र सिंह और मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

- कांग्रेस के प्रत्याशी अनिल चोपड़ा, जो मात्र 1,615 मतों से हारे थे, ने याचिका दायर की है, जिस पर 13 अगस्त को सुनवाई होगी।

याचिका में कहा गया कि चुनाव परिणाम के लिए की गई मतगणना में काफी अनियमिताएं हुई हैं। ऐसे में चुनाव परिणाम को रद्द कर ई.वी.एम. और पोस्टल बैलेट के मतों की गणना पुनः की जाए। इसके अलावा, पूरी मतगणना की प्रक्रिया के सी.सी.टी.वी. फुटेज भी अदालत में पेश किए जाएं। याचिका में कहा गया कि उन्हें (अनिल चोपड़ा को)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'पर्यटन की दृष्टि से किया गया ओवर एक्स्प्लॉयटेशन वायनाड दुर्घटना का कारण है'

### पर्यावरण विशेषज्ञों ने पर्यटन के लिए किए जा रहे विकास पर रोक लगाने की मांग कई बार की, पर वायनाड के लोगों ने ही इसे ठुकरा दिया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। जुलाई के उस विनाशकारी दिन भोर होने से पहले ही, केरल के वायनाड जिले के कई गाँव भूस्खलन की चपेट में आ गये। घनघोर बरसात के कारण हुये भूस्खलनों से पहाड़ियां ढह गईं तथा चट्टानें, मिट्टी और पानी के प्रवाह ने अपने प्रचंड वेग से सब कुछ नष्ट और ध्वस्त कर दिया। इस महाविपदा में कम से कम 386 लोग मारे जा चुके हैं, 273 से अधिक लोग घायल हो गये हैं तथा 180 लोग लापता हैं। इस प्रकार, यह विपदा केरल के इतिहास की सर्वाधिक घातक प्राकृतिक आपदा बन गई है।

वैस्टर्न घाट की पहाड़ियों में स्थित वायनाड में मानसून के मौसम में भूस्खलन की घटनाएं खासतौर से संभावित रहती हैं और 29 जून को लगातार मूसलाधार बरसात के कारण, राहत शिविरों में रह रहे लोगों को शिविर खाली करने पड़े थे। जिला प्रशासन द्वारा 'अलर्ट' कर दिये जाने के बावजूद, कोराल्माला गाँव के बहुत से लोग अपने घरों में ही बने रहे, क्योंकि यह क्षेत्र भूस्खलन संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित नहीं था। भूस्खलन से दो दिन पहले, इस क्षेत्र में करीब 570 मिमी. वर्षा हुई।

- स्थानीय लोगों का कहना था कि पर्यटन से रोजगार मिल रहा है। उनका कहना सही हो सकता है, पर, यह भी सत्य है कि जरूरत से ज्यादा पर्यटन व इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कारण ही "लैण्ड स्लाइड" हुआ।
- वैस्टर्न घाट की पहाड़ियों में स्थित वायनाड में हमेशा बरसात में लैण्ड स्लाइड होता है, पर, इस बार वायनाड के वो भाग भी विनाश की चपेट में आए, जहां कभी लैण्ड स्लाइड नहीं हुआ था।
- इस संदर्भ में 2011 में केन्द्र सरकार द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट का जिक्र किया जा रहा है, जिसमें वैस्टर्न घाट में सड़क, रेल विस्तार तथा खनन पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी, पर, केरल सरकार ने वह रिपोर्ट ठुकरा दी थी।

वायनाड में हुई इस दुर्घटना के रूप में, पर्यटन को मद्देनजर रखते हुए किये गये विकास के परिणाम एक बार फिर सामने आ गये हैं। इस विकास की सनक में, इस क्षेत्र की पर्यटकों की संख्या को वहन करने की क्षमता की अनदेखी की गई तथा कथित विकास तथा क्षेत्र की क्षमता की अनदेखी, हाल ही के दिनों में भारत को प्रभावित करने वाली मौसम संबंधी बहुत बड़ी और दुखान्त घटनाओं की शृंखला का हिस्सा बन गई है।

वर्ष 2011 में इकोलॉजिस्ट माधव गाडगिल के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एक समिति का गठन किया था, जिसने वैस्टनर्न घाट की इकोलॉज़िकल संवेदनशीलता का परीक्षण किया था, उसने सम्पन्न-संभ्रांत लोगों और तत्कालिक स्थानीय लोगों, दोनों के कारण पर्यावरण को खतरनाक नुकसान पहुंचने की बात को उजागर किया था। कमेटी ने इस नुकसान को दुखद माना था, क्योंकि दक्षिण भारत की परिस्थिति व अर्थव्यवस्था में वैस्टर्न घाट की व्यापक भूमिका है। इस समिति ने खनन बंद करने, नई रेल लाइनें बिछाने और संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े रोड बनाने पर प्रतिबंध की सिफारिश की थी, इसके साथ ही संरक्षित क्षेत्रों में विकास पर अंकुश लगाने की भी सिफारिश की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल ने की जयशंकर से मुलाकात

नयी दिल्ली, 05 अगस्त। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की और बंगलादेश के राजनीतिक हालात पर विचार विमर्श किया।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, गांधी ने संसद भवन परिसर में विदेश मंत्री से मुलाकात की और वहां के हालात पर चर्चा की।

- विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बांग्लादेश के राजनैतिक हालात पर चर्चा की।

बंगलादेश में प्रदर्शनकारियों द्वारा संसद भवन तथा आसपास के इलाकों पर कब्जा करने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा पद से इस्तीफा देने और सेना के विशेष विमान से भारत के लिए रवाना होने के बाद गांधी ने विदेश मंत्री से मुलाकात की।

## बांग्लादेश में भारी बवाल, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ा, सेना ने कमान संभाली

### फिलहाल वे भारत में हैं और स्थायी व्यवस्था होने तक यहीं रहेंगी

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। बांग्लादेश में एक माह तक चले छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बाद सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजिद ने प्रधानमंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया और सेना प्रमुख वकार-उज़-ज़मान के हस्तक्षेप के बाद अपनी बहन शेख रेहाना के साथ देश छोड़कर भाग गईं। इससे पहले, ढाका में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री आवास पर हमला बोल दिया।

इस बीच, ज़मान ने इस खबर की पुष्टि कर कहा कि शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है तथा देश छोड़ कर चली गई हैं। यहां पहुंच रही मीडिया की खबरों के अनुसार, उन्होंने कहा है कि शीघ्र ही देश में एक अन्तरिम सरकार का गठन किया जाएगा।

ज़मान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेस में कहा कि "पी.एम. हसीना ने इस्तीफा दे दिया है, अन्तरिम सरकार देश में शासन चलाएगी। हम देश में वापस शान्ति की बहाली करेंगे। हमने देश की जनता से हिंसा बंद करने को कहा है। हम सभी हत्याओं की जांच करेंगे जो कि पिछले कुछ सप्ताहों के दौरान हुई हैं।"

ज़मान ने कहा कि देश में कर्फ्यू या किसी प्रकार का आपातकाल लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आज रात तक सेना इस वर्तमान संकट का समाधान निकाल लेगी।

शेख हसीना के लिए अगस्त माह एक बार फिर घातक सिद्ध हुआ है क्योंकि उनके पिता बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुज़िबुर रहमान की हत्या भी वहां 15 अगस्त 1975 को हुई थी।

- गत एक माह से बांग्लादेश भारी हिंसा से जूझ रहा है, पर, आज हालात चरम पर पहुंच गए, लाखों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे। बताया जाता है कि तब सेना प्रमुख की सलाह पर शेख हसीना ने इस्तीफा दिया और देश छोड़ दिया, सेना ने ही उनके सुरक्षित निकलने की व्यवस्था की।
- शेख हसीना के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारी जश्न मनाने लगे, उन्होंने बांग्लादेश की आज़ादी के महानायक शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति भी गिरा दी।
- बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-ज़मान ने शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़ने की पुष्टि की तथा लोगों से हिंसा रोकने की अपील की।
- बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरु हुए छात्र विरोध ने भारी दमन के बाद हिंसक रूप ले लिया। इस हिंसा में कई लोग मारे जा चुके हैं।

बांग्लादेश में इस घटना के बाद कानून व व्यवस्था की बिगड़ी हुई स्थिति के मद्देनज़र भारत में भी सीमा सुरक्षा बल ने भारत-बांग्लादेश की सीमा को लेकर हाईअलर्ट जारी किया हैं। बी.एस.एफ. के महानिदेशक भी इस बीच कोलकाता पहुंच गए हैं।

खबरों के अनुसार, शेख हसीना उनकी छोटी बहिन शेख रेहाना के साथ सेना के हैलिकाप्टर में सवार होकर सोमवार को दिन के लगभग 02.30 बजे बांग्लादेश से "सुरक्षित स्थान" के लिए निकल गईं।

बांग्लादेश में रविवार को पूरे दिन भारी हिंसा हुई और पूरे दिन चले संघर्ष में 14 पुलिसवालों सहित, 100 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर गए और उन्होंने पुलिस एवं सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया, कुछ पार्टी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बेसमेंट में विद्यार्थियों की मौत, एक्शन में सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 05 अगस्त। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक निजी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में गत 27 जुलाई को पानी में डूबकर तीन विद्यार्थियों की मौत के मामले में सोमवार को स्वतः संज्ञान और नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे सुरक्षा मानदंडों पर जवाब मांगा। पीठ ने उनसे पूछा है कि, सभी कोचिंग सेंटरों में किस तरह के पर्याप्त सुरक्षा मानदंडों का पालन किया जा रहा है।

- सुप्रीम कोर्ट ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया तथा केन्द्र सरकार व दिल्ली सरकार को नोटिस भेजा।

शीर्ष अदालत ने दिल्ली में तीन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**महान विचार ही कार्य रूप में परिणत होकर महान कार्य बनते हैं। –विनोबा**

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय

1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की सात सदस्य पीठ ने 6-1 के बहुमत से आरक्षण से सम्बंधित एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी फैसला दिया है। इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश डॉक्टर डी वाई चंद्रचूड़कर के अतिरिक्त अन्य न्यायाधीश थे, न्यायमूर्ति गवाई, न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा। इस फैसले में आरक्षण के पूरे विषय को एक नई दिशा दी है एवं वर्षों से चली आ रही आरक्षण के कारण आरक्षित वर्ग में उत्पन्न असंतुलन को सुधारने का एक अवसर दिया है।

अब तक यह माना जाता था कि अनुसूचित जाति और जनजाति का आरक्षण एक ऐसा पवित्र विषय है जिसे कोई छूना नहीं चाहता । कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश की सरकार ने पदोन्नति में अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण को समाप्त कर दिया था और माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी उसे सही माना था, किंतु अनुसूचित जाति, जनजाति के द्वारा देशव्यापी प्रदर्शन और आंदोलन के परिणाम स्वरुप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को प्रभावहीन करते हुए संसद के माध्यम से एक संविधान संशोधन कर दिया, जिसके द्वारा पदोन्नति में अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण का प्रावधान कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय**

पंजाब सरकार के 2006 के उस आदेश के संबंध में है जिस से सरकारी भर्तियों में अनुसूचित जातियों में से कुछ जातियों के लिए एक कोटा निर्धारित कर दिया था। इस निर्णय पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने इसे संविधान के विरुद्ध मानते हुए इस पर 2010 में रोक लगा दी थी । पंजाब सरकार द्वारा इस निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील प्रस्तुत की गई जिस पर फरवरी, 2024 में विस्तृत सुनवाई के पश्चात यह निर्णय दिया गया है। इस निर्णय से पंजाब सरकार के अनुसूचित जातियों में से कुछ के लिए विशेष कोटा निर्धारित करने के आदेश को सही करार दिया गया है।

यह आश्चर्यजनक है कि अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने इस निर्णय के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं दी और चुप्पी साध ली है। शायद इसके राजनीतिक लाभ हानि का आकलन कर रहे हों । आरक्षण समर्थक विचारकों द्वारा निर्णय का विरोध किया जा रहा है और संविधान के विरुद्ध ठहराया जा रहा है । इससे पहले कि इस निर्णय के गुणवगुण पर विचार करें, इस निर्णय के प्रमुख बिंदुओं पर बात करना उपयुक्त होगा।

वर्ष 2004 में आंध्र सरकार बनाम चिन्नैया के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया था कि एस सी/एस टी में वर्गीकरण संविधान सम्मत नहीं है। तब से अब तक इसी दृष्टिकोण को सही माना जाता रहा है। इस निर्णय के द्वारा अब उच्चतम न्यायालय ने अपने पुराने निर्णय को बदल दिया है एवं राज्य सरकारों द्वारा अनुसूचित जातियों/जनजातियों के उप वर्गीकरण को संविधान सम्मत माना है। उच्चतम न्यायालय ने अपने बहुमत के निर्णय से स्पष्ट कर दिया है कि सभी अनुसूचित जाति और जनजाति को एक समान नहीं रखा जा सकता एवं इनका वर्गीकरण करना संविधान की भावना के विपरीत नहीं है। पूर्व में 2004 में माननीय उच्चतम न्यायालय ने चिनाइया बनाम आंध्रप्रदेश सरकार के प्रकरण में यह निर्णय दिया था कि संविधान में जो अनुसूचित जातियां और जनजातियां दर्ज हैं, उनको विभाजित नहीं किया जा सकता, एवं यदि ऐसा किया जाता है तो यह संविधान के विरुद्ध होगा । अब सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ ने इस निर्णय को बदल दिया है एवं यह स्पष्ट कर दिया है कि सभी एस टी, एस टी जाति एक समान नहीं हैं । इनमें से कुछ जातियां गत वर्षो में मिले आरक्षण के लाभ के कारण सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से अन्य के मुकाबले में अधिक बेहतर स्थिति में आ गई हैं। इसके फल स्वरुप, आरक्षण का अधिकांश लाभ इन्हीं जातियों ने लेना प्रारंभ कर दिया है और अन्य कई जातियों को लगभग नगण्य लाभ मिला है।

न्यायमूर्ति बी आर गवाई ने तो यहां तक कहा कि अनुसूचित / जनजाति में भी क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू किया जाना चाहिए, जैसे ओबीसी के लिए किया जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि जिन परिवारों की आय अधिक हो गई है एवं जिनकी सामाजिक स्थिति भी सुदृढ़ हो गई है उन्हें, इसी वर्ग की अन्य जातियों के निर्धन व्यक्तियों के बराबर नहीं माना जा सकता। माननीय न्यायाधीशों ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि आरक्षण के कारण अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति आईएएस, आईपीएस या किसी अखिल भारतीय सेवा में आ जाता है एवं उसके बच्चे यदि अच्छे अंग्रेजी माध्यम के प्रतिष्ठित स्कूल में अध्ययन करते हैं तो उनकी तुलना में एस सी/ एस टी वर्ग के उन व्यक्तियों का चयन संभव ही नहीं है जो ग्रामीण इलाकों के सरकारी विद्यालयों में बिना सुविधा के पढ़कर निकलते हैं । अतः उल्लिखित जातियों को उप विभाजित करके गैर क्रीमी लेयर को आरक्षण का विशेष लाभ दिया जाना उपयुक्त होगा । उदाहरण के लिए, जनजातियों में पूर्वी राजस्थान के मीना परिवारों के अनेक सदस्य अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित हुए हैं। जनजाति के लिए आरक्षण का अधिकांश लाभ इन्हीं के हिस्से में आता है, जबकि इनसे कहीं अधिक पिछड़े अनुसूचित जनजाति जैसे गरासिया, भील, सहरिया आदि का प्रतिनिधित्व उच्च शिक्षण संस्थानों एवं अखिल भारतीय सेवाओं एवं राज्य सेवाओं में लगभग नगण्य है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात की भी चेतावनी दी है कि उप वर्गीकरण राजनीतिक आधार पर नहीं किया जाए अपितु विभिन्न जातियों की शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की पूरी जानकारी प्राप्त करके, विश्लेषण के पश्चात सोच समझकर निर्णय लिया जाए ।

**उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय ऐतिहासिक, क्रांतिकारी और दूरगामी प्रभाव वाला है। अब देखना यह है कि वास्तव में यह फैसला धरातल पर लागू हो पाता है या राजनीतिक स्वार्थ के कारण संसद में इसको भी उसी प्रकार बदल दिया जाएगा जैसा पदोन्नति में अनुसूचित जाति / जनजाति के आरक्षण के संबंध में किया गया था।**

यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि 70 वर्षों में आरक्षण का लाभ किसे मिल रहा है और किसे मिलना चाहिए? आरक्षण की समीक्षा के बारे में संविधान में भी प्रावधान था कि प्रत्येक 10 वर्ष में आरक्षण की समीक्षा की जाएगी ताकि उसे अधिक विधि सम्मत बनाए जा सके। दुर्भाग्य से ऐसा हुआ नहीं और आरक्षण निरंतर एक ही पद्धति के आधार पर चलता रहा। आर्थिक स्थिति से संपन्न होने के कारण कई एस सी/एस टी के बच्चे शहरों के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं । इनकी तुलना में कई ऐसी जातियां हैं जिन्हें आरक्षण का लाभ एक भी बार नहीं मिला एवं वह अन्य की तुलना में कई अधिक पिछड़ते जा रहे हैं।

यह आश्चर्य की बात है कि निर्णय आए दो-तीन दिन हो चुके हैं किंतु अब तक किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल की ओर से कोई प्रतिक्रिया इसके समर्थन या इसके विरोध में नहीं आई है। स्पष्ट है कोई भी दल अनुसूचित जाति और जनजाति की कमजोर जातियों को एवं इनके निर्धन व्यक्तियों को नाराज नहीं करना चाहता, क्योंकि चुनाव के समय उनकी बहुत बड़ी भागीदारी रहती है ।

सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय सामान्य जन की वर्षों पुरानी इस मांग की पूर्ति करता है कि आरक्षण की समीक्षा विवेकपूर्ण ढंग से निष्पक्षता के साथ की जाए ताकि आरक्षण का लाभ वास्तव में उन व्यक्तियों तक पहुंचे जो अब तक इससे वंचित हैं ।

यह उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का आरक्षण समर्थक कुछ विचारकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। विरोध का एक आधार केवल यह है कि क्रीमी लेयर के व्यक्तियों की पहचान करना संभव नहीं है। हमने हाल ही में देखा है की पूजा खेड़कर के परिवार ने किस प्रकार स्वयं को गैर क्रीमी लेयर का बताते हुए ओबीसी श्रेणी में गलत लाभ लिया था, जबकि उसके पिता की संपत्ति 40 करोड़ रुपए के लगभग थी। जो व्यक्ति व्यवसाय में है, उनकी आय के बारे में आकलन संभव नहीं है। जिस प्रकार स्वयं को गैर क्रीमी लेयर का बताते हुए ओबीसी में लाभ ले लेते हैं, वैसे ही अनुसूचित जाति, जनजाति में भी ग़ैर क्रीमी लेयर का लाभ लिया जा सकता है।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने सरकार को यह निर्देश भी दिए हैं कि उपवर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को है । यह अवश्य है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को धरातल पर लागू करना टेढ़ी खीर सिद्ध होगा। प्रत्येक जाति स्वयं को अन्य से पिछड़ा हुआ सिद्ध करने में लगेगी एवं सरकार के लिए स्पष्ट आंकडों के भाव में किसी भी जाति को कमजोर मानना सरल नहीं होगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी जाति की ओर से सामान्यतया वही व्यक्ति पैरवी करते हैं जो प्रभावशाली पद प्राप्त कर चुके हैं। उन्हीं जातियों के कमजोर एवं पिछड़े लोगों की निर्णय में कोई भागीदारी नहीं है एवं न ही उनकी बात को गंभीरता से सरकार द्वारा सुना जाता है। जैसा किसी भी जाति को उप वर्गीकृत करके आरक्षण में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऊपरी तौर पर कितना ही न्याय संगत और उपयुक्त क्यों ना लगे, इसका क्रियान्वयन किस प्रकार होगा यह स्पष्ट नहीं है। माननीय न्यायालय ने स्वयं यह कहा है कि बिना वस्तुनिष्ठ आंकड़े इकट्ठे किए और बिना विश्लेषण और विवेचना के उप वर्गीकरण नहीं किया जा सकता ।

भारत में जातिगत जनगणना अंतिम बार 1935 में हुई थी । कुछ वर्षों से जातिगत जनगणना की मांग कई दलों द्वारा की जाती रही है किंतु अब तक इस बारे में एक राय नहीं बन पाई है। इस निर्णय के विरोधियों का यह भी तर्क है कि एस सी/एस टी में उपवर्गीकरण की बात की जाती है तो फिर यही सिद्धांत सामान्य वर्ग पर लागू क्यों नहीं किया जाता? क्या सामान्य वर्ग के लोगों में सभी जातियों को विभिन्न प्रवेश संस्थानों और नौकरियों में प्रतिनिधित्व समान रूप से प्राप्त हो पाया है? यदि नहीं तो फिर उनमें उप वर्गीकरण की बात क्यों नहीं उठाई जाती? एस सी/एस टी के कुछ नेताओं ने इसे दलित और आदिवासियों में फूट डालने वाला निर्णय भी बताया है । निर्णय के विरोधियों का यह तर्क भी है कि एक या दो पीढ़ी के अच्छी नौकरी में आ जाने मात्र से उसकी सामाजिक वंचना समाप्त नहीं हो जाती है। जाति जनजाति का आरक्षण कोई गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम नहीं है अतः संपन्नता का मापदंड आरक्षण में लागू करना सही नहीं है। उन्हें यह पूछा जाना चाहिए कि जब नौकरियों में आरक्षण के कारण सामाजिक वंचना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है तो फिर इसके लिए आरक्षण को इसका उपाय मानना कहां तक सही है?

भेदभाव केवल सवर्णों और अनुसूचित जातियों/ जनजातियों में ही नहीं होता। एक अनुसूचित जाति के सदस्य ही कई बार अन्य अनुसूचित जातियों के साथ अछूत सा व्यवहार करते हैं । यह तो सही है कि अनुसूचित जातियों में जितनी जातियां सम्मिलित हैं वे सभी सामाजिक और शैक्षिक रूप से समान रूप से वंचित नहीं रहे हैं ।


माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में ऐसा लगता है कि इंडिया गठबंधन के द्वारा उठाई गई जाति गत जनगणना की मांग सही है क्योंकि इसी के आधार पर यह पता चल पाएगा कि किस जाति की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में, वर्षों में, कितना सुधार हुआ है ?

उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय ऐतिहासिक, क्रांतिकारी और दूरगामी प्रभाव वाला है। अब देखना यह है कि वास्तव में यह फैसला धरातल पर लागू हो पाता है या राजनीतिक स्वार्थ के कारण संसद में इसको भी उसी प्रकार बदल दिया जाएगा जैसा पदोन्नति में अनुसूचित जाति / जनजाति के आरक्षण के संबंध में किया गया था।

उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण की समीक्षा के बारे में बहस तो छेड़ ही दी है। यह तो भविष्य के गर्भ में है कि वास्तव में ऐसा होगा या नहीं?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# पिछले सालों में नैतिकता का स्थान अनैतिकता ने ले लिया है, जाने इसका दुष्प्रभाव



डॉ. जे.के.गर्ग

एक जमाना ऐसा भी था जब देश में जन नेता आम जनता की बात/समस्याओं को ध्यान से सुनते थे किन्तु आज सिर्फ व्यापारिक घरानों की ही बात सुनी जाती है।

एक जमाने में नेताओं का लक्ष्य गरीब से भी गरीब की भलाई के कार्यक्रमों को केंद्र में रख कर नीतियां बनाई जाती थी किन्तु आज तो सिर्फ पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के हित साधन के लिये नीतियाँ बनाई जाती है ।

किसी जमाने में नेताओं के चारों तरफ साधारण जनमानस होते थे किन्तु आज के नेताओं के चारों तरफ उनके बन्दूकधारी कमांडों ही रहते हैं।

किसी जमाने में गांधीजी जैसे जन नेताओं के नाम पर कसमे खाई जाती थी किन्तु आज के जमाने में माता आज के नेताओं का नाम लेकर अपने बच्चों को डराया करती हैं ।

कोई समय था जब समाज विरोधी तत्व गुंडे/अपराधियों का घर जेल ही होता था किन्तु आज मता अधिकार प्राप्त नागरिक उन्हें ससम्मान चुनावों में जीत दिला कर लोकसभा/ विधानसभा/ नगर निगम आदि में भेजते हैं ।

किसी जमाने में पंचों को परमेश्वर माना जाता था किन्तु आज पंच/सरपंच न्याय से कोसों दूर रहते हैं और सिर्फ अपने स्वार्थ के लिये न्याय का खुलेआम कत्ल करते हैं ।

किसी जमाने में सिद्धांतों पर राजनीति की जाती थी, राजनेता जीवन पर्यन्त अपने अपने सिद्धांतों पर अटल रहते थे किन्तु आज तो अपने तुच्छ निजस्वार्थों के खातिर पार्टी बदल सत्ताशीन होने की होड़ मची है, कल तक वें जिन आदर्श और सिदांत का खुले आम विरोध करते आज वें ही उनका गुणगान कर उनके शरणागत होने में अपनी शान समझते हैं ।

एक समय था जब अख़बारों की निती का निर्धारण अख़बार के संपादक सर्वहित में निस्वार्थ भावना से करते थे, सच्ची, सही खबरें प्रकाशित होती थी किन्तु आज औद्योगिक घराने समाचार पत्रों के सम्पादकों को अपना सेवक बना कर अख़बार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरीयें अपने स्वार्थ पूर्ति हेतु आधी सच्ची-झूठी खबर देकर जनमानस को भ्रमित कर अपने व्यापारिक स्वार्थ एवं अपने राजनैतिक आकाओं की जी हजुरी के लिये करते हैं। पेड न्यूज़ के जरिये सत्ता प्राप्त की जाती है। फेक न्यूज को फैलाने में मीडीया सेल मुख्य भूमिका निभाते है ।

कोई समय था जब साधारण जनता भी डॉक्टर एवं शिक्षक गुरु का का दिल से आदर और सम्मान करती थी उन्हें अपना आदर्श मानती थी किन्तु आज तो डॉक्टर-गुरु को चाहिए सिर्फ पैसा-पैसा-पैसा ।

एक जमाने में शिक्षक शिक्षा प्रदान करता था और शिष्य शिक्षा ग्रहण करता था किन्तु आज शिक्षक पूर्णता से व्यापारी बन गया है और शिष्य उसके उत्पाद का खरीददार हो गया है ।

एक वक्त जनसंख्या एक बड़ी और विकराल समस्या बन गयी थी किन्तु आज यह एक उभरता बाज़ार बन चुका है ।

एक जमाने में गोल्डन रूल से शासन चला करते थे किन्तु आज अगर आप के पास गोल्ड (सोना) हो तो ही आप शासन कर सकते हैं।

एक जमाने में जीवन मे सफलता का अर्थ था अपने सिद्धांतों एवं आदर्शों पर चल कर जीना किन्तु आज के समय सफलता अर्जन के लिये जरूरी है अपने सिद्धांतों और आदर्शों को तिलांजलि देना उन्हें पूरी तरह से भूल जाना ।

एक जमाने में आदमी अपनी आत्मा के कल्याण हेतु सच कहना, सच सुनना और सच देखना आवश्यक मानता था किन्तु आज सफलता प्राप्त करने/ आगे बढने के लिये इन को तिलांजलि देकर, निजी स्वार्थ के लिये ही झूठ बोलना, झूठ सुनना और झूठ को सच बना कर प्रचार करना जायज बन चुका है ।

एक जमाने में धार्मिक सहिष्णुता हमारी संस्कृति का अभिन्न होता था किन्तु आज तो धार्मिक उन्माद का बोलबाला है।

एक जमाने में सुंदरता आंखों में बसती थी किन्तु आज सुन्दरता को व्यापार एवं धन कमाने की वस्तु बना दिया गया है ।

एक जमाने में सरकार निष्पक्ष/ तर्कसंगत/न्यायसंगत तरीके से काम करती थी, सेक्स के प्रदर्शन को हेय एवं गंदा माना जाता था किन्तु आज के समय इसके बारे में क्या कहा जाये, पता नहीं?

किसी जमाने में नारी का सर्वत्र सम्मान होता था किन्तु आज के वक्त में बलात्कार, अपहरण की घटनायें आम हो गई है, नारी को वास्तव में सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करवाने के स्थान पर इन घटनाओं का राजनीतिकरण कर राजनैतिक लाभ प्राप्त करने की कोशिश की जाती है । एक समय मे कहा जाता था कि इतिहास सच का आईना होता वो कभी झूठ नहीं बोलता किन्तु आज के जमाने मे कतिपय चाटुकार अपनी सोच/ भावनाओं के अनुसार इतिहास को बदलने की कोशिश करते हैं और सफल भी होते हैं ।

एक जमाने मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा/ प्रतिद्वंद्विता के फलस्वरूप श्रेष्ट गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण होता था किन्तु आज तो तथाकथित प्रतिस्पर्धा/ प्रतिद्वंद्विता की वजह से आदमी-आदमी के बीच ईर्ष्या/कलह उत्पन्न हो रही है, इंसानियत का जज्बा केवल कागजों में रह गया है ।

एक जमाने में हमारी संस्कृति में वाणी की हिंसा को शारीरिक हिंसा से भी बुरा माना जाता था किन्तु आज के उच्चतम पद पर आसीन लोग अनर्गल आरोप-प्रत्यारोप, दोषारोपण, चरित्र हनन द्वारा जनमानस को भ्रमित कर सत्ता प्राप्त करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं, उनके लिये एन केन प्रकारेन सत्ता प्राप्त करना हीं एक मात्र लक्ष्य होता हैं।

किसी समय में कारीगर/ दस्तकार/शिल्पकार गुणवत्ता वाले उत्पाद का सर्जन कर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करता था किन्तु आज गुणवत्ता मात्र डिपार्टमेंटल वस्तु बन गयी है ।

एक समय माउस को अछूत मैमल (स्तनधारी जीव) समझा जाता था किन्तु आज माउस को खुशी-खुशी हाथ से पकड़ कर उससे काम किया जाता है ।

एक जमाना था जब बुद्धीजीवी, अपनी बुद्धि से लोगों को जागरूक करते थे, किन्तु एक जमाना अब है जब बुद्धि का प्रचार अपनी ब्रांडेड महंगे शर्ट और शर्ट पर खुलेआम हास्यास्पद तरीके से प्रदर्शित किया जाता है । आज गरीब और ज्यादा गरीब बन रहा है अमीर ज्यादा अमीर बन रहा है।

एक समय था जब हंस मोती देते थे और खुद दाना-चुनेगा खाते थे और एक जमाना अब है जब, कौवें मोती खाते हैं। समय-समय का भेद है--समय-समय का नजरिया है--सबको साधुवाद।

समय बड़ा बलवान ।

**–डॉ. जे.के गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# साइकिल यात्रा से हरिद्वार से गंगाजल लेकर उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में करेंगे जलाभिषेक

**▪ रवि शर्मा इससे पूर्व केदारनाथ, वैष्णों देवी व अयोध्या साइकिल यात्रा कर चुके है।**

**शाहपुरा,** (निसं)। सावन मास में साइकिल से यात्रा करने वाले हरियाणा राज्य के करनाल जिले के रवि शर्मा का शाहपुरा पहुंचने पर श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा के नेतृत्व में सचिव अनिल कुमार नरवल के मुख्य अतिथि में श्याम बाबा का दुपट्टा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। श्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा व सचिव अनिल कुमार नरवल ने बताया कि रवि शर्मा साइकिल यात्रा से हरिद्वार से गंगाजल लाकर उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में शिव जी का जलाभिषेक करेंगे। गंगाजल का कलश साइकिल पर बांधकर यात्रा कर रहे है। हरिद्वार से उज्जैन महाकालेश्वर यात्रा 11 दिन में पूरी होगी। साइकिल यात्री रवि शर्मा रोजाना 100 किलोमीटर साइकिल से यात्रा कर रहे है। कोषाध्यक्ष मंडोवरा ने बताया कि इससे पहले साइकिल यात्री रवि शर्मा केदारनाथ, वैष्णो देवी व अयोध्या आदि जगह साइकिल से यात्रा कर चुके है। श्याम मंदिर कमेटी के द्वारा साइकिल यात्री रवि शर्मा को भोजन प्रसादी व रात्रि विश्राम के लिए संपूर्ण व्यवस्था की गई। स्वागत के दौरान मनीष शर्मा, रामजस यादव, मुकेश सेन, भागीरथ योगी, दिनेश सैनी, लक्ष्मी नारायण सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



हरियाणा राज्य के करनाल जिले के रवि शर्मा का शाहपुरा पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया।

# बीसलपुर बांध में 86 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई


**देवली** (नि स) उपखंड क्षेत्र और कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने की वजह से बीसलपुर बांध में सोमवार शाम 8:00 बजे तक 86 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई है । सोमवार शाम 8:00 बजे तक बीसलपुर का जलस्तर 311 मीटर को छू गया है। शनिवार तक बीसलपुर बांध का जलस्तर 310, 14 तक स्थिर था यहां शनिवार की देर रात को शुरू हुई बारिश ने सोमवार की सुबह तक देवली उपखंड क्षेत्र को पानी से सराबोर और कर दिया । जानकारी के अनुसार उपखंड क्षेत्र में कल हुई व्यापक वर्षा के फलस्वरूप बीसलपुर परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में धुआँकला स्थित मोती सागर बाँध और करीमपुरा स्थित दाखियाँ बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता प्राप्त की और चादर चली। सोमवार को सायँ 6:00 पर मोतीसागर पर 5 इंच और दाखियाँ बांध पर डेढ़ फुट चादर चल रही थी। इधर बीसलपुर परियोजना के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने जानकारी में बताया कि मोतीसागर बाँध की पूर्ण भराव क्षमता 454 और दाखियाँ बाँध की 303 है। ऐसे क्षेत्र के बांधों की स्थिति का जायजा सोमवार को लिया गया इस मौक़े पर बीसलपुर परियोजना के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह सागर,अधिशाषी अभियंता मनीष बंसल, सहायक अभियंता जगदीश मीना तथा कनिष्ठ अभियंता पूरण बैरवा व साहून दीन ने क्षेत्र के बांधों की भराव क्षमता और स्थिति का भी निरीक्षण किया । वही जानकारी यह भी सामने आई की

उपखंड क्षेत्र के चांदली तालाब की चादर भी चल पड़ी। यहां लोगों ने बताया कि 2 साल बाद चांदली का तालाब गत वर्ष अपनी भराव क्षमता तक नहीं भर पाया था लेकिन इस वर्ष सावन के महीने में तालाब अपनी भारत और क्षमता को पार करते हुए तालाब के ऊपर लगभग 6 से 8 इंच तक की चादर चल पड़ी।



अधीक्षण अभियंता वीरेन्द्र सिंह सागर ने बीसलपुर बांध का जायजा लिया।

## राशिफल मंगलवार 6 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, भद्रा नक्षत्र सायं 5:44 तक, वारियान योग दिन 10:59 तक, बालव करण प्रातः 6:58 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग सायं 5:44 से आरम्भ होगा। आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, सिंजारा (तीज का), मंगला गौरी पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:15 से 10:54 तक, लाभ-अमृत 10:54 से 2:51 तक, शुभ 3:50 से 5:29 तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:58, सूर्यास्त 7:08

**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक-सामाजिक कार्य के लिए बाहर जा सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**सिंह**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कारणों से मानसिक तनाव बना रहेगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# राज्य सरकार का आपदा प्रबंधन फेल : धारीवाल



कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल शोक संतृप्त परिवारों के यहां संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

- बेहतर आपदा प्रबंधन और तत्काल सहायता उपलब्ध करवाए राज्य सरकार : धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश के कई इलाकों में हो रही भारी बारिश में हादसों पर चिंता जताते हुए पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने राजस्थान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि राज्य सरकार आपदा प्रबंधन में पूरी तरह से फेल हो रही है मानसून सीजन से पूर्व की जाने वाली तैयारी को राज्य की भाजपा सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया यही कारण है कि आपदा प्रबंधन पूरी तरह से फेल हो रहा है।

पूर्व मंत्री ने बयान जारी कर माँग की हैं कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की भांति भाजपा सरकार भी बेहतर आपदा प्रबंधन और तत्काल सहायता उपलब्ध करवाएं और आपदा में न्यूनतम हानि और अधिकतम राहत प्रदान कर प्रदेश की जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को ईमानदारी से निभाएं। धारीवाल ने माँग करते हुए कहा हैं कि अधिक वर्षा होने पर भी बाढ़ के कारण हुए हादसों में जनहानि जीरो हो इसके लिए आपदा प्रबन्धन व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा एवं अन्य विभागों को आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यो से संबंधित विभिन्न उपकरण में इज़ाफ़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार, किसान के लिए मानवीय दृष्टिकोण के साथ राहत उपलब्ध करवाने का कार्य कर सुव्यवस्था से बेहतर आपदा प्रबंधन करें।

धारीवाल ने सरकार से मांग की है कि अतिवृष्टि, बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक संपत्ति जैसे सड़कों, बांधों, नहरों, भवनों आदि के रिपेयरिंग एवं दुरुस्त करने के लिए जल्द कार्य योजना बनाकर कार्य करवाए जाए ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुंचकर व्यक्त की संवेदना:**-पूर्व मंत्री शांति धारीवाल सोमवार को कोटा प्रवास पर रहे। धारीवाल ने शॉपिंग सेंटर स्थित पूर्व यूआईटी चेयरमैन हरिकृष्ण जोशी के आवास पर पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त की। हरि कृष्ण जोशी की पत्नी का हाल ही में निधन हुआ था। धारीवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित कर जोशी परिवार से मुलाकात की। इससे पूर्व विधायक शांति धारीवाल ने बारां के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र बंसल की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया। बारां की धर्मार्थ धर्मशाला में रखी गई शोक सभा में वह शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस नेता डॉ.जफर मोहम्मद, शिवकांत नंदवाना, राजेंद्र सांखला समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्वर्गीय कोमल धारीवाल की पुण्यतिथि पर पौधा वितरण का कार्यक्रम आज:**- पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल की पत्नी स्वर्गीय कोमल धारीवाल की पुण्यतिथि के मौके पर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गर्वित धारीवाल ने बताया कि 6 मंगलवार को पुण्यतिथि के मौके पर स्टेशन रोड स्थित सनफ्लावर रेस्टोरेंट के बाहर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मानसून सीजन में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण शहर वासी कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाये पौधा वितरण कार्यक्रम में पहुंचकर पौधे प्राप्त करें। पौधारोपण कर उसका रखरखाव भी संकल्प लेकर जाए इसी उद्देश्य के साथ पुण्यतिथि के मौके पर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित पौधा वितरण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विधायक शांति धारीवाल अशोक चांदना, पीपल्दा विधायक चेतन पटेल समेत बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शहरवासी शामिल होंगे।

# दीपक की पुस्तक 'निर्झर' का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। निर्झर (काव्य संग्रह) पुस्तक का विमोचन कोटा जं स्थित एक निजी होटल में आयोजित भव्य कार्यक्रम मे सम्पन्न हुआ। जाने माने कवि एव साहित्यकार राममोहन कौशिक ने बताया कि दीपक शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक निर्झर में ईश्वर भक्ति, परिवार, देशभक्ति, हिन्दी भाषा विकास, बालपन, राजनीतिक व्यंग्य आदि भावों का समावेश है। इस अवसर पर लेखक दीपक शर्मा का जीवन परिचय एव पुस्तक के मूल विषय के बारे मे बताया। यह उनके जीवन भर के काव्य सृजन एवं उनके काव्य संग्रह के रूप में प्रस्तुत की गई प्रमुख पुस्तक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीश त्रिपाठी व ऊषा त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.आर के उपाध्याय प्रिंसिपल कोटा विधि महाविद्यालय एवम पूर्व उपकुलपति कोटा विश्वविद्यालय थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्झर काव्य संग्रह के लेखक दीपक शर्मा के परिचय एव अभिनन्दन के साथ हुआ इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रजनी शर्मा का भी हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। इससे पूर्व जीवन के अस्सी वर्ष पूर्ण कर चुके दो वरिष्ठ युगल श्रीमती एवं श्री वासुदेव चतुर्वेदी व श्रीमती एवं श्री ओम कुमार शर्मा को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरविंद शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रबल चतुर्वेदी, असगर अली सागर, योगेन्द्र आर्य, गिरीश त्रिपाठी, डॉक्टर आर के उपाध्याय आदि द्वारा निर्झर पुस्तक पर अपने विचार प्रस्तुत किऐ। काव्य संग्रह निर्झर के लेखक दीपक शर्मा ने अपने संबोधन में इस कृति को अपने पिता स्व.चंद्रभान शर्मा व माता स्व.राजवती देवी शर्मा को समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार एव लेखक कवि रघुनंदन हटीला ने किया। दिव्य भारती प्रहरी के उपाध्यक्ष राम मोहन कौशिक ने निर्झर काव्य संग्रह के लेखक दीपक शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। ज्ञातव्य है कि निर्झर काव्य संग्रह के लेखक रेल कर्मचारी दीपक शर्मा दिव्य भारती प्रहरी सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था के संस्थापक सचिव भी हैं। इस अवसर पर दीपक शर्मा के परिवार जन, ईष्ट मित्र, दिव्य भारती प्रहरी संस्था के सदस्य एव कोटा साहित्य जगत के गणमान्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# कोटा गार्डन फैमिली गो ग्रीनरी ग्रुप ने पौधे लगाए

- 200 पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया

**कोटा,** (निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गए अभियान "हरियालो राजस्थान" के तहत राजकीय देवनारायण आदर्श बालक छात्रावास टैगोर नगर एवं अल्पसंख्यक छात्रावास टैगोर नगर में सोमवार को कोटा गार्डन फैमिली गो ग्रीनरी ग्रुप द्वारा पौधे लगाए गऐं। कोटा गार्डन फैमिली लेटश्एस ग्रो ग्रीनरी की अध्यक्ष शिखा मेहरा और उनकी टीम आशा, आभा, अजय, कृष्ण एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा छात्रावास के बच्चों के सहयोग से फल, फूल व सब्जियों के 200 पौधे लगाकर वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया गया। साथ ही, छात्रावास के बच्चों को पौधों की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित और शपथ दिलवाई गई।

# अतिक्रमण हटाया

**छबड़ा** (निसं)। कडैयानोहर में चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को राजस्व टीम द्वारा हटा दिया गया है। तहसीलदार अभिशेक पारीक ने बताया कि कडैयानोहर में चारागाह भूमि पर मुख्य सडक के पश्चिम भाग में अतिक्रमियों द्वारा प्लाट काटकर बैचान करने की शिकायत प्राप्त हुई थी।


**खोया-पाया**

मेरा खरीद समझौता ( House Agreement via Ansal Sushant City-I House No.64 Jaipur) का बोरखेडा सब्जीमंडी के आस पास काले हैड बैंग समेत गिर गया है। जिसे भी मिले निम्न मो.न. पर सूचित करे।

पता-राजेन्द्र सिंह हाड़ा पुत्र स्व.लक्ष्मण सिंह हाड़ा सरस्वती कॉलोनी बारां रोड़ कोटा ( राज. ) मो. 9414966063

**खोया-पाया**

पूरनमल नागर 5-M- 33 महावीर नगर तृतीय कोटा के मूल पेपर कन्वेंश डीड व परपेचुल लीज व रमा खण्डेलवाल के नाम का कार्यालय आदेश खो गया हैं। जिसे मिले निम्न पते व मो.नं. पर सूचित करे।

पता-पूरनमल नागर 5-M- 33 महावीर नगर तृतीय कोटा ( राज. ) मो. 9829339427


## सार-समाचार

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कल

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान की धरा को हरा-भरा बनाने के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान-"एक पेड़ मां के नाम" अन्तर्गत कोटा में पौधारोपण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हरियाली तीज के अवसर पर 7 अगस्त को जिले भर में एक साथ वृहत् स्तर पर सघन पौधारोपण किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने आव्हान किया है कि हर व्यक्ति "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुडकर इस महायज्ञ में अपनी आहुति प्रदान करे। खासकर महिलाएं लहरिया परिधानों में सजकर धरती के श्रृंगार के लिए आगे आएं। हर व्यक्ति द्वारा लगाया गया पेड़ पर्यावरण संरक्षण में महत्ती भूमिका निभाएगा। जिला परिषद के मुख्यकारी अधिकारी अशोक त्यागी ने बताया कि जिला स्तरीय पौधारोपण समारोह "हरियालो राजस्थान" अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समारोह 7 अगस्त को दोपहर 1 बजे अनंतपुरा स्थित लवकुश वाटिका में होगा। उन्होंने जिलावासियों को आमंत्रित करते हुए बताया कि पहाड़ियों, चारागाह भूमि, सड़क किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्रोतों के किनारे पौधारोपण कर जिले को हरा-भरा बनाया जाएगा। यहां जन प्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से वृहत् स्तर पर पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन जिले के सभी नागरिक अधिक से अधिक पौधारोपण कर धरती का श्रृंगार करें। रोपे जाने वाले सभी पौधों की जियो टैगिंग की जाकर उनका रिकॉर्ड संधारण एवं मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि हर पेड़ फल-फूलकर बड़ा हो सकें।

### रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य जारी

**कोटा,** (निसं)। देशभर के रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित करके भव्य और विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे राजस्थान प्रदेश के कोटा रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य डीआरएम मनीष तिवारी के नेतृत्व में विश्वस्तरीय तर्ज पर किया जा रहा है। कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 207.63 करोड़ की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है जोकि 29 अप्रैल,2025 तक पूरा होने का लक्ष्य है। कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 12 नवम्बर,2022 में शुरू हुआ था। इस कार्य के निर्माण अवधि की समय सीमा 900 दिन की है। स्टेशन के 6765 वर्गमीटर में 02 आगमन ब्लॉक एवं 01 प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण, स्टेशन पर वीआईपी लाउन्ज, वेटिंग रूम, फ़ुड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं, प्लेटफार्म नंबर 1 और 3 को जोड़ने की 2100 वर्गमीटर में कॉनकोर्स एरिया का निर्माण, यात्रियों की सुविधा के लिए 08 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान, स्टेशन दिव्यांग फ्रेंड्ली, पार्किंग की सुविधा, यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे, पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित, सौर ऊर्जा एवं जल सरंक्षण की व्यवस्था। पुनर्विकसित कोटा स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा।

### नवनीत महर्षि ने देहदान का संकल्प लिया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, कोटा संभाग के अध्यक्ष नवनीत महर्षि ने न्यू मेडिकल कॉलेज, कोटा में जाकर स्वयं की देहदान हेतु मानव संरचना विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर आरुषि जैन के समक्ष संकल्प पत्र प्रस्तुत किया जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। महर्षि अपनी टीम के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और संबंधित चिकित्सकों एवं व्याख्याताओं की मौजूदगी में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा इस विषय प्रचलित नियमावली/निर्देशों का अध्ययन भी किया। इस अवसर पर जिला संगठन के सभाध्यक्ष चंद्र सिंह आमेरा, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह, सलाहकार अतहर खान ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर बताया कि देहदान एक ऐसा अनमोल कार्य है जो चिकित्सकीय अनुसंधान और शिक्षा के उद्देश्य से किसी भी दानी की मृत्यु के पश्चात संपन्न होने वाला महादान हैं। यह दान शोधकर्ताओं को भविष्य में रोगियों की मदद करने के लिए आवश्यक उपकरण/फीडबैक प्रदान करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाज सेवी अजय सोरल, महेंद्र पंचोली एवं इकबाल ने कहा कि महर्षि का यह दान अनुकरणीय है जो अन्य व्यक्तियों को भी देहदान हेतु प्रेरित करेगा।

### 'चम्बल का सुरक्षा कवच बचाना जरूरी'

**कोटा,** (निसं)। पर्यावरण गतिविधियों के क्रय में वन विभाग के स्मृति वन अनंतपुरा कोटा में समाज सेवी वरिष्ठजन कल्याण समिति के संस्थापक शंकर आसकंदानी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय मां की स्मृति में सीमेंट बेंच का लोकार्पण पर विशेष अथिति भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन एवं शहर के जाने-माने समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमियों ने सम्मिलित रूप से किया। स्मृति वन सलाहकार समिति के अध्यक्ष बृजेश विजयवर्गीय ने बताया कि पर्यावरण गतिविधियों के तहत एक 'पेड़ मां के नाम' राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। चंबल संसद के अध्यक्ष के.बी. नंदवाना के स्वर्गीय वीर पुत्र की स्मृति में तीन बेंच का भी लोकार्पण किया गया। चम्बल संसद के संरक्षक जी.डी. पटेल, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त नशा मुक्ति प्रेरक डॉ आरसी साहनी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ एल.एन.शर्मा, डॉ कृष्ण कांत, शिक्षाविद डॉ.अमित सिंह, डॉ. कृष्णेंद्र सिंह, डॉ एम एल परिहार, यज्ञ दत्त हाडा , राजेंद्र जैन, विनोद चतुर्वेदी, रमेश मेहरा, समाज सेवी हेमलता गांधी और अन्य प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर अनुग्रहित किया और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक गीता दाधीच ने किया।

### एल.बी.एस. स्कूल में इनवेस्टचर सेंरिमनी का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। एलबीएस ग्रुप के चेयरमेन कुलदीप माथुर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। विद्यालय के चेयरमैन द्वारा नई सत्र की कैबिनेट को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाने के साथ ही उनका पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। विद्यालय की सचिव उर्मिला माथुर व डायरेक्टर ओपी माथुर, योगेंद्र माथुर तथा डॉक्टर शिल्पा माथुर और एकेडमिक निदेशक एसके माहेश्वरी तथा एच.ओ.डी. सुरेंद्र नागर ने विद्यार्थियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित करते हुए उन्हें पदों की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा माथुर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा की भावना का विकास करने के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जाती है जिससे वह अपनी भावी जीवन में जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# 'जल आत्मनिर्भर बनेंगे गांव, भूजल राशि का संचय होगा'

- मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच को साकार कर रहा एम.जे.एस.ए. 2.0
- पूर्ण कार्यों को सात को शुभारम्भ होगा

**कोटा,** (निसं)। राज्य में जल संकट की स्थिति पर काबू पाने और भू जल संरक्षण की दूरगामी सोच के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 की शुरुआत कर गांवों को जल स्वावलम्बी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है।

वर्षा जल के अधिकतम संग्रहण, संरक्षण एवं उपलब्ध जल का न्यायोचित उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 का शुभारम्भ फरवरी 2024 में किया गया था जिसके प्रथम चरण के कार्य पूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं। हरियाली तीज पर 7 अगस्त को हरियालो राजस्थान अभियान के साथ ही एमजेएसए 2.0 के पूर्ण हुए कार्यों का सांकेतिक शुभारम्भ प्रत्येक पंचायत समिति में एक-एक कार्य का उद्घाटन कर किया जाएगा। नवनिर्मित जल संग्रहण संरचनाओं को हरियाली से संवारा जाएगा।

एमजेएसए 2.0 अभियान में ऐसे क्षेत्र जहां वर्षा जल का संचय नहीं हो पाता और बड़ी मात्रा में जल राशि व्यर्थ बह जाती हैं, वर्ष पर्यन्त जल संकट बना रहता है, प्राथमिकता से शामिल किए गए हैं। प्रत्येक पंचायत समिति में ऐसे जल संकटग्रस्त स्थानों को चि त कर आवश्यकता अनुरूप जल संग्रहण संरचनाएं तैयार करवाई जा रही है। अभियान क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में टाईमलाईन आधारित रणनीति से शुरू किए गए कार्य तय समय पर पूर्ण होते हुए अपनी सार्थकता सिद्ध कर रहे हैं। वर्षाकाल आते-आते पूर्ण हुए कार्यों से नवनिर्मित संरचनाओं में जल संग्रह होने लगा है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक त्यागी ने बताया कि अभियान अन्तर्गत विभिन्न लाइन विभागों द्वारा चरागाह विकास, अर्दन चेक डैम, मेडबंदी, एनीकट, नाला डीपनिंग, सीसीटी, एसजीटी, एमपीटी, रूफ टॉप, वाटर हार्वेस्टिंग संरचना आदि कार्य सम्मिलित हैं। जिले की पांचों पंचायत समितियों में प्रथम चरण में 19 ग्राम पंचायतों के 71 गांवों में कार्य कराए जा रहे हैं जो कृषि, वन, उद्यानिकी, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल संसाधन तथा भू-जल संरक्षण विभागों द्वारा कार्य हाथ में लिए गए हैं। इन कार्यों से 33755.03 हैक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित होगा।

अभियान अन्तर्गत जिले में 52 करोड़ से अधिक लागत के 1769 कार्य जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत किए गए हैं, इनमें से 483 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 384 प्रगतिरत हैं। पूर्ण हो चुके कार्यों में से हर पंचायत समिति के एक कार्य को उद्घाटन के लिए चुना गया है।

**इन कार्यों का होगा शुभारम्भ:**- अतिरिक्त मुख्य अभियंता जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण उमेश चंद गुप्ता ने बताया कि इटावा के खातौली में तलाई खुदाई कार्य बूडी बीड में कराया गया जहां तलाई के गहरी होने से वर्षा जल संचय होने लगा है। इस कार्य से ग्रामीणों को दैनिक कामकाज और पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता रहेगी वहीं क्षेत्र का जलस्तर बढ़ेगा। खैराबाद के देवली खुर्द में तलाई रिनोवेशन कार्य हरिपुरा रोड के पास कराया गया है जिससे वर्षा जल संग्रहण हो सकेगा।

इसी तरह लाडपुरा में बोराबास क्षेत्र में बग्गी रास्ते के पास तलाई निर्माण कराया गया है। सांगोद की ग्राम पंचायत झालरी में गोपालपुरा शमशान के पास तलाई रिनोवेशन कर अमृत सरोवर का विकास किया गया है। सुल्तानपुर के टाकरवाड़ा में अमृत सरोवर वेस्ट वियर निर्माण मुख्य तलाई से किया गया है। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप जल संरचनाओं में वर्षा जल का संग्रहण होने लगा है जो आने वाले दिनों में क्षेत्र में पानी की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इन जल संरचनाओं को अब हरियाली से संवारा जाएगा।

# मुकेश मण्डलोई ने कोटा सीनियर शतरंज का खिताब जीता



कोटा में शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**कोटा,** (निसं)। जिला शतरंज संघ की ओर से आयोजित जिला सीनियर आपेन शतरंज का खिताब अंतराष्ट्रीय रैटेड खिलाड़ी मुकेश मण्डलोई ने जीता। टूर्नामेंट डॉयरेक्टर प्रेम जे.भाटिया व ईश्वर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि नगर निगम मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी थे। अध्यक्षता गोपाल मंडा ने की। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान पर रहने वाले विजेता खिलाड़ियों को कुल 15000 रूपये के नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, सभी प्रतिभागियों को मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के संचालक व चीफ आर्बिटर मोहम्मद कासिम थे। प्रथम मुकेश मण्डलोई, द्वितीय सुभानु पुरोहित, तृतीय सूफी अली, चौथा अभिशेख मेघवाल, पाँचवा शिवराज मीणा, छठा कृष शर्मा, सातवाँ पियूष कुमार मौर्य, आठवाँ पद्युम्न गौतम ने प्राप्त किया। इसके अलावा बेस्ट गर्ल में प्रथम स्थान ग्रिताक्षी लालवानी दूसरा स्थान रितिक्षा विजय ने प्राप्त किया। अण्डर-19 वर्ग में प्रथम स्थान वंश ठुकराल व द्वितीय देवांश संतवानी, अण्डर-15 वर्ग में प्रथम स्थान जयंत सैनी व द्वितीय स्थान गौतम सुधीर कुमार, अण्डर-13 वर्ग में प्रथम स्थान शौर्य शर्मा व द्वितीय स्थान दिवित अग्रवाल, अण्डर-11 वर्ग में प्रथम स्थान हितार्थ शर्मा व द्वितीय स्थान मनन भण्डरी, अण्डर-9 वर्ग में प्रथम स्थान उर्विल मौर्य व द्वितीय स्थान प्रतिष्ठा शर्मा, अण्डर-7 वर्ग में प्रथम स्थान हद्य गुप्ता ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रेम जे.भाटिया ने बताया कि 15 अगस्त को ओपन बिलिट्स शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन चिल्ड्रन सीनियर सैकण्डरी स्कूल में किया जाऐगा।

# किशोर कुमार का जन्मोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। किशोर सागर की पाल पर कोटा के संगीत प्रेमियो की महफिल में संगीत के जादूगर हर दिल प्रेमी किशोर कुमार का 96वां जन्मदिवस मनाकर याद किया गया। महफिल संगीत समूह तथा परंपरा इवेंट्स की ओर से सजी संगीत महफिल में देर राततक किशोर के सदाबहार गानों को सुना व गुनगुनाया गया। कार्यक्रम का आगाज किशोर कुमार की तस्वीर को माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन एडवोकेट भीम सिंह व महेंद्र शर्मा द्वारा की गई। बाल कलाकार तनुष शर्मा ने कार्यक्रम का टाइटल सांग ये शाम मस्तानी... सुना कर सबका दिल जीता। इसके बाद एक-एक करके सुर सम्राट किशोर के सदाबहार गानों को कलाकरों ने सुनाकर कोटावासियो से दाद प्राप्त की। चिंगारी कोई भड़के..., हम बेवफा हरगीज न थे, मेरे सपनों की रानी, रूप तेरा मस्ताना, जिन्दगी एक सफर है सुहाना सुनाकर किशोर की याद को सबके दिलों में ताजा कर दिया। गायक भंवर सिंह हाड़ा, प्रेम नारायण, भीम सिंह यादव एडवोकेट, अचल शर्मा, रोशन शर्मा, अजीत सिंह शेखावत, निषेध सोनी, चित्रा सोनी, कानू शर्मा, सुहास वर्धन सक्सेना, इसराइल भाई, सद्दाम हुसैन, सत्येंद्र वैष्णव आदि के सुरों की महफिल सजी।

# शहर में फिर से आबाद हुये मवेशियों के तबेले

- पशुपालकों के अतिक्रमण भी हटाये जायें, गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से महामारी फैलने का अंदेशा

**कोटा,** (निसं)। स्मार्ट सिटी कोटा के सभी बाजारों एवं आवासीय कॉलोनियों में मुख्य मार्गों की सडकों पर मवेशियों के झुंड यातायात में सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं।

बरसात के मौसम में बीच सड़क पर मवेशियों के जमा हो जाने से कई जगह सड़क हादसे हो रहे हैं। आवारा मवेशियों की गंदगी स्मार्ट सिटी के स्वच्छता अभियान को अंगूठा दिखा रही है। पानी के भराव एवं मवेशियों की गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ गया है जिससे मौसमी महामारी फैल सकती है। शहर को केटल फ्री बनाने के उद्देश्य से पशुपालकों के लिये राज्य सरकार द्वारा 19 जून, 2022 में बनाई गई देवनारायण पशुपालक योजना में सैकडों पशुपालकों को सस्ती दरों पर बड़े रिहायशी भूखंड आवंटित किये गये। लेकिन दो बार चुनावी आचार संहिता लागू होने का फायदा उठाकर शहर के सैकड़ों पशुपालकों ने फिर से नये शहर की आवासीय कॉलोनियों में तबेले बनाकर दूध बेचना प्रारंभ कर दिया। जबकि देवनारायण योजना में इस शर्त के साथ भूखंड आवंटन किये गये थे कि यदि भूखंडधारक द्वारा शहर में मवेशी पालने पर उनके भूखंड निरस्त कर दिये जायेंगे।

**300 करोड़ की योजना में 1227 भूखंड आवंटित:**- पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा शहर को केटल फ्री व साफ-सुथरा बनाने के लिये महत्वाकांशी प्रदेश की प्रथम देवनारायण रिहायशी योजना को लागू किया था। जिसमें 1227 पशुपालकों द्वारा 15000 मवेशियों को पालने के लिये सुविधायुक्त कॉलोनी विकसित की गई है। लेकिन पेयजल के लिये एक ही टंकी होने से पानी की समस्या विकराल हो गई।

पशुपालकों से रोजाना मवेशियों से एकत्रित गोबर को क्रय करके उसके उपयोग हेतु गोबर गैस प्लांट स्थापित किया गया लेकिन तकनीकी कारणों से वह नियमित ढंग से चालू नहीं रह सका। इन दो समस्याओं कर आड़ लेकर पशुपालक फिर से शहर में फिर से बड़ी संख्या में तबेले बनाकर दोहरा लाभ उठा रहे हैं। प्रत्येक वाडों की आवासीय कॉलोनियों में मवेशियों की संख्या बढकर 2000 से अधिक हो गई है। उनसे रोजाना फैलने वाली गंदगी कई गुना बढ़ चुकी है। नगर निगम द्वारा इनके चालान क्यों नहीं बनाये जा रहे हैं।

**कोटा को 'कैटल फ्री' बनायें:**- महिला मोर्चा एवं नागरिक संगठनों की बैठक में शहर की जनसमस्याओं पर चर्चा कर जिला कलक्टर से आग्रह किया कि स्मार्ट सिटी को कैटल फ्री बनाया जाये, जिससे पर्यटक यहां आ सकें। अन्यथा आवारा मवेशियों एवं श्वानों की बढ़ती संख्या देखते हुये केंद्र सरकार द्वारा कोटा को स्मार्ट सिटी का बजट भी बंद कर दिया जाये। कोटा शहर के दोनों महापौर इंदौर का अवलोकन कर वहां के स्वच्छता अभियान से सबक लें। जहां एक भी मवेशी सड़कों पर दिखाई नहीं देता है। कोटा की तरह वहां हर मार्ग पर पॉलिथीन के ढेर दिखाई नहीं देते हैं। कोटा जिला प्रशासन कड़े कदम उठाकर इंदौर की तर्ज पर कोटा में स्वच्छता अभियान चलाये, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सकें। शहर में नगरीय कर व स्थानीय विकास शुल्क देने वाले नागरिकों का कहना है कि आवासीय क्षेत्रों में नारकीय वातावरण से मुक्ति दिलाने की जिम्मेदारी किसकी है।


## कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : एफ-15/कृ.भू.रु./2024/1796 — दिनांक 30.07.2024

**आपत्ति आमंत्रण सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा कृषि भूमि पर बसी निम्न अनुमोदित कॉलोनी के पट्टे हेतु आवेदन प्राप्त हुए है, जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर आपत्ति दर्ज करवा सकता है, मियाद निकलने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी तथा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति | कालोनी का नाम | भू.सं. | खसरा नं. | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजय सोमानी पुत्र श्री माणकचन्द सोमानी | आदित्य आवास | सी पी-1 | 229,230 | कोटड़ी |
| 2 | श्री सचेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री रामबाबू लाल | आदित्य आवास | सी पी-1 बी | 229,230 | कोटड़ी |
| 3 | श्री सचेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री रामबाबू लाल | आदित्य आवास | सी पी-1 ए | 229,230 | कोटड़ी |

उक्त विज्ञप्ति केवल आपत्ति आमंत्रण के लिए है मूल दस्तावेज व अन्य जांच के उपरान्त ही पट्टा जारी किया जावेगा।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण , कोटा

## कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/1719 — **आपत्ति आमंत्रण सूचना** — दिनांक:-22.07.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संजु पत्नी श्री दीपक मीणा निवासी धावदकलां तहसील रावतभाटा ने इस कार्यालय में आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा की श्री गणेश नगर आवासीय योजना के भूखण्ड संख्या 314 श्रेणी (ब) साईज 30X50 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट अर्थात 139.41 वर्गमीटर का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु निवेदन किया है।

प्रस्तुत दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा लॉटरी दिनांक 31.12.2007 अन्तर्गत श्री महेन्द्र सिंह सैनी पिता श्री बलदेवसिंह सैनी निवासी रावतभाटा को आवंटित किया गया था। जिसकी 99 वर्षीय लीज डीड इस मूल आवंटी के पक्ष में क्रमांक 618 दिनांक 19.03.2008 व पंजीयन दिनांक 31.03.2008 से जारी की गई। इसके उपरान्त मूल आवंटी की मृत्यु दिनांक 10.11.2013 को हो जाने के कारण उनके नैसर्गिक उत्तराधिकारी उनके पुत्र श्री अंकुर सैनी पिता श्री महेन्द्रसिंह सैनी के नाम पालिका रिकॉर्ड में उत्तराधिकारी नामान्तरण पालिका पत्रांक 6076 दिनांक 17.03.2017 से दर्ज किया गया, इसके उपरान्त श्री अंकुर सैनी के द्वारा पालिका से बिना विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त भूखण्ड को आवेदक श्रीमती संजु पत्नी श्री दीपक मीणा निवासी धावदकलां तहसील रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.06.2023 से विक्रय किया गया है। जिसके आधार पर आवेदक के नाम भूखण्ड का नामान्तरण/हस्तान्तरण नियमानुसार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में आवेदक के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो, तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबुत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

## कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/7813 — दिनांक:-5.8.24

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मृगेन्द्र सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद कुमार, श्री अंकित सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद कुमार सिंघवी एवं श्रीमती निकिता जैन पत्नी स्व.श्री अरूण जैन निवासी भूखण्ड संख्या 517 एल.आई.जी.एच.दादाबाडी, कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 517 एल.आई.जी.एच.दादाबाडी, कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 517 एल.आई.जी.एच.दादाबाडी, कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक एफ(3) क म/विकास/60/606 दिनांक 10.02.1961 से श्री गुरनामल पुत्र श्री दयारोमल को किया गया। श्री गुरनामल ने उक्त भूखण्ड जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 08.11.1971 से श्री सम्पत लाल सिंघवी पुत्र जसवंत सिंह सिंघवी को विक्रय कर दिया। श्री सम्पत लाल सिंघवी का देहावसान दिनांक 20.10.1988 को हो जाने के उपरान्त श्री सम्पत लाल सिंघवी के विधिक वारिसान श्री अरूण जैन पुत्र स्व.श्री सम्पत लाल सिंघवी ने जर्ये नोटेरी मुख्तारनामा आम से एवं श्रीमती बीना वेद पत्नी श्री प्रकाश चन्द वेद पुत्री स्व.श्री सम्पत लाल सिंघवी ने जर्ये नोटेरी मुख्तारनामा आम से तथा श्रीमती पुष्पा सुराणा पत्नी श्री रतन लाल सुराणा पुत्री स्व.श्री सम्पत लाल सिंघवी व श्रीमती चन्द्रा जिन्दानी पत्नी श्री अजीत सिंह जिन्दानी पुत्री स्व.श्री सम्पत लाल सिंघवी ने जर्ये नोटेरी मुख्तारनामा खास से उक्त भूखण्ड में से स्वयं का भाग मुख्तारआम श्रीमती रेनू जैन पत्नी श्री लखपत जैन पुत्री स्व.श्री सम्पत लाल सिंघवी को नियुक्त किया गया। श्रीमती रेनू जैन बहैसियत स्वयं एवं मुख्तार खास श्री अरूण जैन, श्रीमती बीना वेद, श्रीमती पुष्पा सुराणा, व श्रीमती चन्द्रा जिन्दानी एवं श्री अंकित सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद सिंघवी एवं श्री मृगेन्द्र सिंघवी पुत्र स्व श्री विनोद सिंघवी ने जर्ये रजिस्टर्ड स्वत्व परित्याग पत्र दिनांक 11.09.2017 से उक्त भूखण्ड में से स्वयं का हक श्रीमती सिरे कंवर पत्नी स्व.श्री सम्पत लाल सिंघवी के पक्ष में त्याग दिया है। श्रीमती सिरे कंवर ने जर्ये रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 12.09.2017 से उक्त भूखण्ड में से अविभाजित आधे भाग की वसीयत श्री अरूण जैन पुत्र स्व.श्री सम्पत लाल जैन के नाम तथा शेष अविभाजित आधे भाग की वसीयत श्री मृगेन्द्र सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद कुमार, श्री अंकित सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद कुमार सिंघवी के नाम कर दी। श्रीमती सिरे कंवर का देहावसान दिनांक 05.02.2019 को तथा श्री अरूण जैन का देहावसान दिनांक 13.02.2018 को हो जाने के उपरान्त अनुकिता जैन पुत्री स्व.श्री अरूण जैन ने जर्ये मुख्तारनामा खास से उक्त भूखण्ड में से स्वयं के भाग का श्री निहित जैन पुत्र स्व.श्री अरूण जैन को मुख्तारआम नियुक्त कर दिया। श्री अरूण जैन ने बहैसियत स्वयं एवं बहैसियत मुख्तार खास अनुकिता जैन जर्ये रजिस्टर्ड स्वत्व परित्याग पत्र दिनांक 10.07.2024 से उक्त भूखण्ड में से स्वयं के हक को श्रीमती निकिता जैन पत्नी स्व.श्री अरूण जैन के पक्ष में त्याग दिया तथा श्रीमती शांता सिंघवी पत्नी स्व.श्री विनोद सिंघवी ने जर्ये रजिस्टर्ड स्वत्व परित्याग पत्र दिनांक 18.06.2024 से उक्त भूखण्ड में से स्वयं का हक श्री मृगेन्द्र सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद कुमार, श्री अंकित सिंघवी पुत्र स्व.श्री विनोद कुमार सिंघवी के पक्ष में त्याग दिया। आवेदको द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-1350 — **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** — दिनांक 30.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की बसंत बिहार केशवपुरा-9 योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 1643 का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 01.04.1985 को श्रीमती राधा रानी शर्मा पत्नी श्री प्रेमनिवास शर्मा को किया गया था। आवंटी श्रीमती राधा रानी शर्मा पत्नी श्री प्रेमनिवास शर्मा की मृत्यु दिनांक 10.09.2022 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान श्री नीरज सारस्वत पुत्र स्व.श्री प्रेमनिवास शर्मा द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1643 योजना बसंत बिहार केशवपुरा-9 का नाम हस्तान्तरण श्री नीरज सारस्वत पुत्र स्व.श्री प्रेमनिवास शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2024/1273 — **विज्ञप्ति** — दिनांक 5.8.2024

नगर विकास न्यास कोटा की योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय का भूखण्ड/आवास संख्या 799 का आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 30.04.1997 को श्री कृष्ण मुरारी पुत्र श्री शिव सिंह को आवंटन किया गया था। उक्त आवास की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्रीमती जसोदा बाई पत्नि श्री प्रेमबिहारी द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस रजिस्ट्री की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 799 योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय की रजिस्ट्री स्वीकृति श्री कृष्ण मुरारी पुत्र श्री शिव सिंह जर्ये मुख्तारआम श्रीमती जसोदा बाई पत्नि श्री प्रेमबिहारी के नाम जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

# पाली में 18 घंटे लगातार बारिश से शहर में पानी ही पानी

## रेल पटरी पर पानी आने से जोधपुर रेल बंद, दर्जनों कॉलोनी में भरा पानी



पाली जिले में रविवार देर रात शुरू हुई बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ के हालात हो गये।

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले में रविवार देर रात शुरू हुई बारिश ने जिला प्रशासन की पोल खोल दी बारिश शहर सहित कई इलाकों में बाढ़ के हालात हो गए हैं।

पाली शहर में बांडी नदी पर रपट चलने लगी तो वही केशव नगर,मंडिया रोड,रामदेव रोड बापू नगर आदर्श नगर, पैकेज कॉलोनी सहित दो दर्जन कालोनियां जलमग्न हो गई। कॉलोनी में एक से डेढ़ फीट तक पानी जमा हो गया। वही सुबह 6:00 से लाइट कट के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम 8:00 बजे लाइट आई। लोगों को नहर पुलिया बापू नगर विस्तार जाने के चारों रास्ते बंद दिखे। लोढा स्कूल रोड, नहर रोड, कॉलेज रोड, रोटरी क्लब रोड सभी जगह 2 फीट के करीब पानी भर गया। पांच मौका पुलिया पर पानी बहने से स्टेशन रोड शहर से अलग हो गया। नागा बाबा बगीची के आगे से लेकर मिल गेट सुभाष नगर तक जोधपुर रोड बंद हो गया। वही रेल पटरी पर पानी आने से जोधपुर रेल बंद हो गई।

नया गांव स्थित सरकारी स्कूल पानी से डूब गया। स्कूल के प्रिंसिपल रूम से लेकर क्लास तक सभी में पानी भर गया। देर रात शुरू हुई तेज बारिश का दौर अभी भी जारी है। बांगड़ कॉलेज पूरी तरह से समुद्र बन गया। नयागांव रोड स्थित रजत विहार सुंदर नगर इलाके में तीन से चार फीट पानी भर जाने से लोगों का घर के बाहर आना मुश्किल हो गया। एक ही रात में हेमावास बांध में 19 फुट पानी आया। पाली के आसपास की नदियां ओवरफ्लो चल रही है। जिले में सबसे अधिक बारिश सोजत में 261 एमएम हुई। पाली में 83 एमएम, मारवाड जंक्शन में 36 एमएम, सुमेरपुर में 15 एमएम, रानी मे 45 एमएम, बाली में 40 एमएम, देसूरी में 57 एमएम, जैतारण में 60 एमएम, रायपुर में 95 एमएम, रोहट में 56 एमएम बारिस दर्ज की गयी।


# जालोर में मूसलाधार बारिश से बांधों-नालों में हुई आवक

**जालोर,** (कासं)। जिलेभर में मानसून की सक्रियता के चलते सावन माह के सोमवार को मूसलाधार बारिश का दौर जारी रहने से जिले के कई नदी, नालों व बांधों में पानी की आवक देखी गई। वही बारिश के बाद चहूँओर पानी ही पानी नजर आने लगा।

जालोर में शनिवार रात्रि करीब एक बजे से लगातार सोमवार को दोपहर एक बजे तक बारिश का दौर जारी रहने से जिलेभर के नदी, नाले व बांधों में पानी की आवक के साथ कई जगह सड़कों पर पानी भर जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। जालोर में लगातार बारिश का दौर जारी रहने से कई इलाकों में पानी भर गया। वही कई जगह कच्चे मकान ढह गये। जालोर शहर में मूसलाधार बारिश के चलते शहर के तिलकद्वार, लाल पोल, बडी पोल से पानी पुरे वेग के साथ बहता नजर आया। वही शहर के कलैक्ट्रेट के आगे, आहोर चौराहा, शिवाजी नगर, नया बस स्टेण्ड, सहित कई जगह निकासी के अभाव में पानी भर जाने से आमजन को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही शहर की निचले इलाको में लगातार बारिश के चलते पानी भर गया। वही खेतो में भी पानी भर जाने से चहूँओर पानी ही पानी नजर आने लगा है। जालोर के पुलिस लाईन, हायर सैकेण्डरी स्कूल हनुमानशाला स्कूल में पानी भर जाने से मैदान तालाब में तब्दील नजर आ रहे है। जालोर के चवरछा बांध, सरदारगढ़ बांध, बीठन बांध सहित कई बांधो में पानी की आवक नजर आई। वही जिले के कई गांवों में नाले पूरे वेग के साथ बहने से कई जगह से सम्पर्क कट गया। जिलेभर में मानसून की लगातार बारिश के चलते मौसम सुहावना नजर आया। वही समाचार लिखे जाने तक भी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। वही जालोर के रेल्वे अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से मार्ग अवरूद्व नजर आया। मानसून विभाग की ओर से जालोर जिले में बारिश की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने हिदायत दी है कि आमजन नदी नालो व बांधो के साथ पानी के भराव स्थलो से दूर रहे।

# बूंदी में पिछले 24 घंटों में 8 इंच बारिश, कई बस्तियों में पानी भरा

## प्रशासन ने नवलसागर झील पर एस.डी.आर.एफ. की टीम तैनात की



बूंदी में तेज बारिश के बाद नवल सागर झील लबालब भर गई।

**बून्दी** (निसं)। बूंदी जिले में रविवार को हरियाली अमावस्या के साथ लगातार हो रही बारिश के चलते कई बस्तियों में पानी भरा। वहीं, लगातार बरसात के चलते जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को सभी निजी और राजकीय विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया है। इस दौरान शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

■ **बारिश के बाद भरे नवल सागर झील व जैतसागर को देखने के लिये शहरवासी उमड़ पड़े, जिसके बाद प्रशासन ने नवलसागर झील पर एसडीआरएफ की टीम तैनात कर दी है**

वहीं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार देर रात से हो रही तेज बारिश के बाद शहर की दोनों झीले नवलसागर व जेतसागर ऑवरफ्लो होने से शहर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है, एक हिस्से का दूसरे हिस्से से सपर्क टूट गया है। पिछले 24 घंटों में हुई 8 इंच बारिश के बाद भरे नवल सागर झील व जैतसागर को देखने के लिये शहरवासी उमड़ पड़े। जिसके बाद प्रशासन ने नवलसागर झील पर एसडीआरएफ की टीम तैनात कर दी है।

वहीं लगातार बारिश के कारण गुढ़ा बांध का जलस्तर 25 फीट तक पहुंच चुका है, वहीं बूंदी नैनवा मार्ग पर पड़ने वाले नाले पर 5 फीट पानी की आवक होने से सड़क मार्ग बंद हो गया है। जिले की कई नदियों और तालाबों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वही मौसम विभाग द्वारा जिले में 30 से 40 किलोमीटर की स्पीड से तेज आंधी व भारी बारिश की चेतावनी दी हुई है।

**जिला कलेक्टर ने लिया बूंदी शहर के प्रभावित क्षेत्रों का जायजा :-** बूंदी में रविवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद प्रभावित क्षेत्रों का सोमवार सुबह जिला कलेक्टर ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जैतसागर, मीरां गेट, नवल सागर, बहादुर सर्किल, देवपुरा क्षेत्र में प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा। इस दौरान जिला कलक्टर ने पानी के बहाव वाली जगहों पर सुरक्षा कर्मी तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों पर बारिश से जमा मलबा हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान टूटे हुए विद्युत पोल को शीघ्र दुरूस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जावे। इसके बाद जिला कलेक्टर ने बालचंद पाडा क्षेत्र में स्थित ब्रह्माण्डेश्वर गौशाला का भी निरीक्षण और गौवंश को सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि गौशालाओं में गौवंश को सुरक्षित रखने की दृष्टि से गौशालाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी बूंदी को निर्देश दिए कि जल बहाव के क्षेत्रों की पूर्ण निगरानी रखें। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी बूंदी दीपक मित्तल, तहसीलदार अर्जुन मीणा, नगर परिषद के अधिकारी सहित बूंदी कोतवाली थाना पुलिस मौजूद रही।

**नागदी बाजार में बहीं कारें :-** लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के चलते बूंदी के जैत सागर तालाब व नवल सागर तालाब लबालब हो गए। दोनों से लगातार पानी की निकासी की जा रही है। जिसके चलते चारभुजा मंदिर से लेकर सदर बाजार, चौमुखा बाजार, नागदी बाजार से मीरा गेट तक पानी तेज रफ्तार से बह रहा है। इस बीच यहां दो कार और एक बैंड गाडी पानी के बहाव के साथ बह गई। वहीं एक मोटरसाइकिल, दुकान का काउंटर व एक युवक भी पानी में बहा। लेकिन युवक किसी तरह सुरक्षित बच निकला। सदर बाजार और नगदी बाजार की कई दुकानों में पानी भर गया है। नागदी बाजार में 5 फीट पानी बह रहा है जिसके चलते चौमुखा बाजार से आवागमन बंद हो गया।

**कई घरों में भरा पानी, कॉलोनियां जलमग्न :-** लगातार बारिश और जेतसागर और नवल सागर से पानी की निकासी के चलते शहर की जवाहर कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, दरेशाह कॉलोनी, शास्त्री नगर कॉलोनी जलमग्न हो गई। कई घरों में पानी भर गया, तो कई लोग अपने घर छोड़कर रात को ही अपने रिश्तेदारों और परिचितों के घर चले गए। मालन मासी बालाजी के पीछे स्थित जवाहर कॉलोनी में 3-4 फीट पानी भर गया।

## सांसद नीरज डांगी ने एलिवेटेड रोड की मांग उठाई

**नई दिल्ली।** सांसद नीरज डांगी ने राज्य सभा में शून्यकाल के दौरान सदन में राजस्थान के उदयपुर, पाली, जैसलमेर व जोधपुर को जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग एस.एच.16 का एक घाट सेक्शन जो राजसमन्द जिले के गढ़बोर से देसूरी के मध्य 8 किलोमीटर का हिस्सा "देसूरी की नाल" पर एलिवेटेड रोड बनाकर व्यापारिक, धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व के जिलों एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा जैसलमेर को जोड़ने और यहां लगातार हो रही जनहानि पर रोकथाम की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इस 'देसूरी की नाल' में सन् 1952 से अब तक लगभग 1000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। नीरज डांगी ने बताया कि व्यापारिक एवं सैन्य स्थल के महत्व का यह राजमार्ग राजस्थान के प्रमुख व्यवसाय मार्बल, ग्रेनाईट के प्रमुख नगरों उदयपुर, राजसमन्द, पाली, जोधपुर, जालौर, सिरोही, भीनमाल व माऊंटआबू तक जाने का मुख्य मार्ग है, जो कम दूरी व कम समय में व्यापार को बढावा देता है एवं यह मार्ग गोमती-चारभुजा-देसूरी होकर आगे गंतव्य तक जाता है। इसके अतिरिक्त यह मार्ग देसूरी की नाल उदयपुर को भारतीय सेना के अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर जैसलमेर से भी जोड़ता है।

# उदावास मामले को लेकर पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## ऊंट लड्ढे पर बैठकर झुंझुनूं पहुंचे पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, कहा राजस्थान को उत्तर प्रदेश नहीं बनने देंगे

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के साथ लगते उदावास गांव में एक जमीन पर बसे लोगों को बेघर करने की तैयारी का विरोध हो गया है। पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने सोमवार को प्रभावित परिवार और अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ उदावास गांव से लेकर झुंझुनूं कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली।



पूर्व मंत्री गुढ़ा ने सैंकड़ों समर्थकों के साथ उदावास गांव से लेकर झुंझुनूं कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली।

खुद पूर्व मंत्री गुढ़ा समेत ग्रामीण दो दर्जन से अधिक ऊंट लड्ढों पर बैठक झुंझुनूं पहुंचे और कलेक्ट्रेट में घुसने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस प्रदर्शन की पूर्व सूचना मिलने के कारण कलेक्ट्रेट पर आधा दर्जन के करीब थानों की पुलिस लगाई गई थी। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला और अपनी बात रखी। कलेक्टर ने मामले की जांच करवाकर कार्रवाई करने की बात कही है। इधर, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि जिन लोगों ने उदावास में अपने मकान सालों पहले बना लिए। पीढ़िया गुजर गई। अब प्रशासन के लोग वहां पर फीता लेकर जाते है और तोड़ने की बात कहते है। यह बर्दाश्त नहीं होगा। किसी को भी बेघर नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने किडनी कांड में जान गंवा चुकी ईद बानो के समर्थन में भी गुढ़ा ने नारेबाजी की और पीड़ित परिवार को एक लाख की सहायता दी। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं में यूनिफॉर्म देखकर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और ट्रेफिक वाले रेहड़ी वालों से चौथ वसूली कर रहे है। लेकिन हम राजस्थान को उत्तर प्रदेश नहीं बनने देंगे। इसके बाद कलेक्ट्रेट गुढ़ा वापिस रवाना हुए।

## महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया रेप

**बीकानेर।** जिले के देशनोक थाना इलाके में महिला से सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। पीड़िता ने देशनोक थाने में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। एसएचओ सुमन शेखावत के मुताबिक पीडिता ने बताया कि वह बीकानेर जा रही थी। इस दौरान देशनोक निवासी मुकेश व भैराराम मिले। आरोपियों से जान-पहचान होने के बाद उन्होंने कहा कि वह बीकानेर जा रहे है, तुझे भी छोड़ देंगे। पीड़िता उनके साथ गाड़ी में सवार हो गई। पलाना गांव के पास आरोपियों ने एक होटल पर रोका। यहां एक कोल्डड्रिंक खरीदी। कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे बेहोशी आने लगी। बाद में आरोपियों ने उसे सुनसान जगह ले जाकर बलात्कार किया। घटना के बाद आरोपी उसे बदहवास हालत में छोड़कर भाग गए। वारदात के जब महिला को होश आया तो वह दर्द से कराह रही थी। पीड़िता महिला पलाना से देशनोक सीएचसी आई। यहां चिकित्सकों ने उपचार करने के बाद पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। घटना का पता चलने पर पुलिस पीबीएम अस्पताल गई। पीड़िता के बयान लिए है।


**MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND**

S.No./M.B.Nath/Nirman/2024/9992 Date : 02-08-24

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 13 /2024-25 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to date 12-08-2024 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – 1-DLB2425WSOB04873, 2- DLB2425WSOB04874

Commissioner,
Municipal Board Nathdwara

Raj.Samwad/C/24/3344

**THE RAJASTHAN SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.**

(A Government of Rajasthan Undertaking), Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302 005, Phone: 0141-2227079, Fax: 0141-2227257
Website: http://industries.rajasthan.gov.in/rajsicop, E-mail: rajsico@rajasthan.gov.in

**NOTICE INVITING BIDS**

RSIC is inviting online Bids for selection of "Strategic Business promoter to Equip, Operate, Manage & Transfer Business Services At ICD Jodhpur from the eligible and experienced bidders" up to 2.00 PM dated 02.09.2024.

Other details/ terms and condition of the bid may be seen on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

The approximate value of the procurement is INR 25 Crores.

UBN No : RSI2425SLOB00012

Raj.Samwad/C/24/3299 Managing Director

**DIRECTOR WORKS (EO)**

Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)

क्रमांक: F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2024-25/ 363-373 दिनांक: 02.08.2024

**निविदा सूचना सख्यां. 6 वर्ष 2024-2025**

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय, बीकानेर की ओर से विश्वविधालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविधालय में एवं अन्य विष्वविधालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत सगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत सगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से ई- टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN-VAU2425WSOB00054

राज.संवाद/सी/24/3326 भू-सम्पति अधिकारी

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2024-25/58-60 Date: 01-08-2024

**ई-निविदा सूचना संख्या: 16/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 679.89 लाख (14 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 03-08-2024 को प्रातः 10.00 बजे से 13-08-2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 03-08-2024 को प्रातः 10.00 बजे से 13-08-2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 14-08-2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : ITU2425WSOB00146 TO ITU2425WSOB00159

अधिशाषी अभियन्ता-प्रथम
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/3322

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांक सं. विज्ञापन सं.09&10/Exam/ASO&A.En/RPSC/EP-I/2024-25 दिनांक-05.08.2024

आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 02 विज्ञापनों के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उक्त विज्ञापनों के तहत विज्ञापित पदों की शैक्षणिक योग्यता, विभागवार पदों की संख्या, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया, आयु सीमा व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध पृथक-पृथक विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। इन विज्ञापनों के तहत विज्ञापित पदों हेतु विभाग का नाम, पद नाम, विज्ञापन संख्या, पदों की संख्या, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| क्र.सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | विज्ञापन संख्या | पदों की संख्या | आवेदन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 09/2024-2025 | 43 | 12.08.2024 से 10.09.2024 |
| 2 | कार्मिक (क-4/2) विभाग | सहायक अभियंता | 10/2024-2025 | 1014 | 14.08.2024 से 12.09.2024 |

**अन्य बिन्दु व सूचना**-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/7064/2024 राम निवास मेहता, सचिव


# 25 हजार का इनामी बदमाश पकड़ा

## डीग जिले के बहुचर्चित मुल्लाका हत्याकांड का है आरोपी

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने डीग जिले में 3 साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपी शिवगणेश उर्फ कंजर गुर्जर पुत्र रामा उर्फ रामचरण निवासी मुल्लाका थाना कामां को पकड़ लिया है। इस पर एसपी डीग द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कामां पुलिस को सौंप दिया गया है।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपी पकड़ा।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव के सुपरविजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में इनामी, वांछित अपराधियों, गैंगस्टर इत्यादि के बारे में आसूचना के संकलन के लिए एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा, कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा, कुलदीप सिंह व श्रवण कुमार की एक टीम भरतपुर रेंज की ओर रवाना की गई है।

एडीजी एमएन ने बताया कि टीम के सदस्य एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा को सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल 25 हजार का इनामी आरोपी शिव गणेश गुर्जर मध्य प्रदेश के इंदौर में फरारी काट रहा है। सूचना पर इंदौर पहुंच आसूचना को डवलप किया गया। इंदौर के संगम नगर स्थित खड़ा गणेश मंदिर में आरोपी के आने की सूचना मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही आरोपी भागने लगा जिसे घेरकर टीम में पकड़ लिया। एमएन ने बताया कि घटना 11 जून, 2021 की है। सुबह गांव से खरीददारी करने कामां की और बाइक लेकर निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामावतार पुत्र रामप्रसाद पक्ष के 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया और मरा हुआ समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आये। गांव में भी फायरिंग की, जिसमें तीन बच्चे व चार अन्य घायल हो गये। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले ही दम तोड़ दिया था। मामले में कुल 21 आरोपी है, जिनमें से 8 आरोपियों को घटना के बाद ही थाना कामां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और 13 आरोपी फरार हो गये। जिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया। पिछले डेढ़ महीने में फरार आरोपियों में से 10 आरोपियों को एजीटीएफ व कामां पुलिस ने पकड़ लिया है, बाकी बचे तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### वरिष्ठ अध्यापक भर्ती प्रतियोगी परीक्षा 2022

## एसओजी के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी

**अजमेर,** (कासं)। वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 में अपने स्थान पर डमी कैंडिडेट बैठाने वाले मुख्य आरोपी को अजमेर एसओजी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कैंडिडेट ने एडमिट कार्ड को एडिटिंग कर अलग-अलग विषयों की परीक्षा में स्वयं के स्थान पर दो डमी कैंडिडेट को परीक्षा देने भेजा था। एसओजी गिरफ्तार कैंडिडेट को रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी है।

अजमेर एसओजी के एडिशनल एसपी मुकेश सोनी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएससी की ओर से आयोजित वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 में स्वयं के स्थान पर डमी कैंडिडेट बैठने के मामले में एसओजी ने कार्रवाई की है। कार्रवाई करते हुए जिला जालौर निवासी कैंडिडेट रमेश कुमार राणा पुत्र धूखा राम राणा को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी सोनी ने बताया कि आरोपी कैंडिडेट रमेश कुमार राणा ने वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2022 में स्वयं आवेदन पत्र जारी किया गया।

## कलयुगी पिता के खिलाफ मामला दर्ज

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सुभाष नगर थाना क्षेत्र में पिता-पुत्री के रिश्ते को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। आरोपित, शराब पीने का आदी है जो बीते दो माह से अपनी नाबालिग बेटी से अश्लील हकरतें कर रहा था।

इन हरकतों से परेशान बेटी ने मां को आपबीती बताई और इसके बाद मां ने जब पति को उलाहना दिया तो उसके साथ भी आरोपित ने मारपीट कर दी। पत्नी ने इस संबंध में आरोपित पति के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी। इस पर पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, एक महिला ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि वह घरों में झाड़ू-पौछा करने जाती है। उसका पति शराब का आदी है।

# मंत्री के बेटे को सरकारी अधिवक्ता बनाए जाने पर विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा

## विधानसभा में हंगामा करने पर अध्यक्ष ने विधायक को निलंबित किया, कांग्रेस विधायक धरने पर बैठे

- हंगामा हुआ तो अध्यक्ष वासुदेव दवनानी ने मुकेश भाकर के निलंबन का प्रस्ताव लाने को कहा
- मुख्य सचेतक गर्ग लाए निलंबन प्रस्ताव, मार्शलों के जरिए विधायक को निकालने की कोशिश, तो विधायक और मार्शलों में हुई धक्का-मुक्की

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में आज जमकर हंगामा हुआ और कांग्रेस के एक विधायक को निलंबित कर दिया गया। इस दौरान विधायक को बाहर निकालने के लिए मार्शल बुलाए गए तो कांग्रेस विधायक आड़े आ गए। इस दौरान धक्का मुक्की हुई। बाद में सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई, लेकिन कांग्रेस विधायक सदन में ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

विधानसभा में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। करीब एक घंटे बाधित रहने के बाद विधानसभा की कार्यवाही 4 बजे फिर से शुरू हुई तो निलंबित विधायक मुकेश भाकर को सदन से बाहर निकालने के लिए सभापति संदीप शर्मा ने मार्शल बुला लिए। मार्शल भाकर को सदन से बाहर निकालने के लिए आगे बढ़े तो कांग्रेस के विधायक मार्शल से उलझ गए। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक हरिमोहन शर्मा धक्का-मुक्की के कारण नीचे गिर गए। हालांकि, सभापति संदीप शर्मा ने इस बीच सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। अब नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में विपक्ष के सदस्य सदन में धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग है कि मुकेश भाकर का निलंबन बहाल किया जाए और मंत्री के बेटे को सरकारी अधिवक्ता बनाए जाने के मामले में सरकार सदन में जवाब दे।

हंगामा उस समय शुरू हुआ, जब भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। उस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक मंत्री के बेटे को सरकारी अधिवक्ता के रूप में नियुक्ति का मुद्दा उठाया और सरकार से जवाब दिलवाने की मांग की। इस पर हंगामा हुआ तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सत्ता पक्ष से विधायक के निलंबन का प्रस्ताव लाने को कहा। इस पर सत्ता पक्ष के मुख्य सचिव तक जोगेश्वर गर्ग ने मुकेश भाकर के निलंबन का प्रस्ताव रखा, जिसे पारित कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को बजट सत्र की शेष बैठकों के लिए निलंबित कर दिया गया। इस पर हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के चलते दो बार सदन की कार्यवाही एक घंटे तक बाधित रही। जब वापस कार्यवाही शुरू हुई तो मुकेश भाकर को सदन से बाहर निकालने के लिए आसन पर मौजूद सभापति संदीप शर्मा ने मार्शल बुला लिए। लेकिन कांग्रेस विधायक मार्शलों से भिड़ गए। इस दौरान धक्का मुक्ति में वरिष्ठ विधायक हरिमोहन शर्मा गिर गए। वहीं एक महिला विधायक की चूड़ी भी टूट गई।

इस घटना के बाद सभापति संदीप शर्मा ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। इसके बाद मार्शल संजय चौधरी खुद पहुंचे और अपने प्रतिनिधियों को हटाया। मार्शल बुलाए जाने से नाराज कांग्रेस विधायक सदन में ही धरने पर बैठ गए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कहना है कि मुकेश भाकर का निलंबन खत्म होने और मंत्री के बेटे को सरकारी अधिवक्ता बनाए जाने पर सरकार के जवाब की व्यवस्था तक सदन में उनका धरना जारी रहेगा।

सदन में हंगामे को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज सरकार के सामने संवैधानिक संकट है। सरकार ने पीपी और एपीपी की नियुक्ति सीआरपीसी के तहत की है और भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद यह नियुक्तियां शून्य हो जाती हैं। हमने आसन से यह मांग की थी कि इस पर सरकार का जवाब आ जाना चाहिए। सरकार इस पर कोई जवाब नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग उन्हें उकसाते हैं, जिससे गतिरोध हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुकेश भाकर का निलंबन निंदनीय है। हम सदन में धरना देंगे, जो रात को भी जारी रहेगा।

इधर सरकार का पक्ष रखते हुए विधि एवं कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि बिना नियमों में आए उन्होंने विषय उठाने का प्रयास किया है। सरकारी अधिवक्ता नियुक्त करने की प्रक्रिया पुराने कानून में शुरू हो चुकी थी और कई जगह प्रक्रिया पूरी भी हो चुकी है। इस बात को अनावश्यक रूप से मुद्दा बनाकर सदन में व्यवधान किया है। एक सदस्य ने आक्रामक रूप से आसन की ओर बढ़ने का प्रयास किया, इसलिए उन्हें निलंबित किया गया। मंत्री के बेटे की नियुक्ति के सवाल पर उन्होंने कहा कि लिखित जो दिया गया है। उसमें इसका कोई जिक्र नहीं है। वह नियुक्ति एक प्रक्रिया के तहत आज से सात महीने पहले हुई थी। आज उसका कोई मुद्दा ही नहीं है।

## डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

एटीएस और एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले मुख्य आरोपित रमेश कुमार राणा (37) निवासी रानीवाड़ा जिला जालौर को गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपित रमेश कुमार राणा द्वारा वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2022 में स्वयं द्वारा आवेदन पत्र जारी किया गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रमेश कुमार राणा के नाम से जारी प्रवेश पत्र को आरोपित द्वारा कांट-छांट कर प्रतियोगी परीक्षा में सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी की परीक्षा के लिए स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में सुरेश कुमार गोदारा एवं दिनेश कुमार को बैठाया। एसओजी की पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## 70 प्रतिभाएं सम्मानित

**जयपुर**। राष्ट्रीय सामाजिक गौरव सम्मान पुरस्कार समारोह-2024 में गणमान्यों ने हिस्सा लिया और प्रोत्साहित किया। इस मौके पर न्यास के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाली 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया तो वे रोमांचित हो उठे।

# अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष को पांच बार नियमों के तहत विषय उठाने को कहा

## 'प्रतिपक्ष की हठधर्मिता, प्रतिपक्ष विधायक का गरिमापूर्ण आसन की ओर अभद्र व्यवहार शर्मनाक व निन्दनीय'

- 'प्रतिपक्ष को ऐसे सदस्य का बचाव करना, अलोकतांत्रिक और विकास विरोधी सोच का घोतक'

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधान सभा में नियमों और परम्पराओं के विपरीत प्रतिपक्ष के हठधर्मिता वाले व्यवहार को बेहद दुःखद बताया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा जैसे पवित्र व गरिमापूर्ण सदन में किसी सदस्य के द्वारा आसन की ओर अभद्र इशारों का प्रदर्शन शर्मनाक है। प्रतिपक्ष द्वारा ऐसे सदस्य का पक्ष लेना बेहद निन्दनीय है और ऐसे सदस्य का बचाव किया जाना भी अशोभनीय है। देवनानी ने कहा कि आसन द्वारा सदस्य का निलंबन किये जाने का कदम सदन की गरिमा की रक्षार्थ उठाया गया। प्रतिपक्ष ने लगातार आसन के निर्देशों की अवहेलना की है। प्रतिपक्ष के सदस्य का सोमवार को सदन में व्यवहार और प्रतिपक्ष द्वारा ऐसे सदस्य का बचाव संसदीय परम्पराओं की अवहेलना की पराकाष्ठा है।

सदन में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा उदार रुख दिखाते हुए आसन से पाँच बार प्रतिपक्ष नेता को नियमों के तहत विषय उठाने के लिए कहा गया। इसके बावजूद भी विधानसभा में प्रतिपक्ष का हठधर्मिता का प्रदर्शन करते हुए वेल में आना, सदन की गरिमा के अनुकूल नहीं है। उल्लेखनीय है कि सदन में प्रतिपक्ष नेता द्वारा उठाया गया विषय न्यायालय में विचाराधीन है। राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के तहत न्यायालय में विचाराधीन विषयों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं होती है। न्यायालय में विचाराधीन विषयों को बार-बार सदन में उठाया जाना नियमों ही नहीं परम्पराओं के भी विपरीत होता है। विधानसभा में सोमवार को विधायकों के अनुभवों और नवाचारों पर विचार के दौरान विधि विभाग द्वारा 12 जिलों में कुछ लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजकों की नियुक्ति के सन्दर्भ में 27 जुलाई को हुए आदेश में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 24 के उल्लेख का विषय प्रतिपक्ष नेता द्वारा व्यवस्था के प्रश्न के नाम से उठाया गया जो कि नियमों के विपरित था। राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 294 के तहत यह व्यवस्था का प्रश्न ही नहीं था। विधान सभा सदन में किसी विषय को उठाने से पूर्व राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 295 के तहत लिखित में विधान सभा के प्रमुख सचिव को सूचना दिये जाने के तत्पश्चात ही कोई विषय सदन में उठाया जा सकता है।

सदन में चल रहे गतिरोध के दौरान ही विधायक मुकेश भाकर द्वारा आसन के प्रति अशोभनीय व्यवहार और हाथों के इशारे से अमर्यादित प्रदर्शन किया गया, जो विधानसभा में सन 1952 से लेकर अब तक के इतिहास में ऐसे किसी व्यवहार की नजीर नहीं है और प्रतिपक्ष नेता का भी बैल में आने की परम्परा नहीं रही है। इसकी प्रतिपक्ष नेता व प्रतिपक्ष विधायको को घोर निन्दा करनी चाहिए, ताकि विधान सभा सदन की गरिमा और पवित्रता कायम रखी जा सके। विधान सभा के सभी सदस्यों का सदन की पवित्रता व गरिमा को बनाये रखने का महत्वपूर्ण दायित्व होता है।

उल्लेखनीय है कि प्रतिपक्ष द्वारा सदन में नियमौ व आसन के निर्देशों की अवहेलना करके सदन संचालन में व्यवधान डालना और अपमानजनक भाषा के प्रयोग किये जाने के मामले गत दिनों में अनेक बार हुए हैं, जो आसन द्वारा सदन की समृद्ध परम्पराओं के अनुरूप स्वीकार योग्य नहीं है। पूर्व में भी प्रतिपक्ष नेता द्वारा आसन को धृतराष्ट्र कहना, विधायक शांति धारिवाल द्वारा सदन में सभापति को धमकाया जाना और अपशब्द के उपयोग किये जाने के साथ प्रतिपक्ष द्वारा लगातार नियमों की अवहेलना उनका लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं और संसदीय परम्पराओं में आस्था नहीं होना प्रदर्शित करता है।

# 'नीमच-बड़ीसादड़ी रेल लाइन से प्रभावित 18 जमीनों का भू-रूपांतरण कर बढ़ा दिया 20 करोड़ रु. का मुआवजा'

## मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बांसवाड़ा संभागीय आयुक्त नीरज के.पवन. पर अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा तय करने की आड़ में करोड़ों का घोटाला करने और राजकोष को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया

- किरोड़ीलाल मीणा ने राज्य सरकार को शिकायती पत्र लिखकर, नीरज के.पवन को तुरंत फील्ड पोस्टिंग से हटाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ का घोटाला तो हो चुका है, अभी करीब 125 और मामलों में नीरज के.पवन. मुआवजा इसी प्रकार निर्धारित करने पर तुले हुए हैं, जिससे रेलवे प्रशासन को करीब 130 करोड़ का चूना लगेगा।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बांसवाड़ा संभागीय आयुक्त पर 'नीमच-बड़ीसादड़ी नई रेल लाइन से प्रभावित 18 जमीनों (जिनका भू-रूपांतरण रेल मंत्रालय की अधिसूचना के बाद में हुआ) का मुआवजा 20 करोड़ रु. बढ़ाने का आरोप लगाया है। मंत्री करोड़ीलाल का कहना है कि रेलवे को जो अधिग्रहित भूमि 2 करोड़ में प्राप्त हो सकती थी, अब उस जमीन के बदले 22 करोड़ रु. से ज्यादा की रकम चुकानी पड़ेगी।

किरोड़ीलाल मीणा ने राज्य सरकार को शिकायती पत्र लिखकर, बांसवाड़ा संभागीय आयुक्त नीरज के.पवन पर जमीनों के मुआवजे की आड़ में करोड़ों रुपए का घोटाला करने और राजकोष को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तुरंत फील्ड पोस्टिंग से हटाने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ का घोटाला तो हो चुका है, अभी करीब 125 और मामलों में नीरज के.पवन. मुआवजा इसी प्रकार निर्धारित करने पर तुले हुए हैं, जिससे रेलवे प्रशासन को करीब 130 करोड़ का चूना लगेगा।

किरोड़ीलाल ने कहा है कि नीरज.के.पवन का नाम पहले भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन घोटाला, नर्सिंग कॉलेज घोटाला और नगर निगम बी.वी.जी. कंपनी घोटाले में सामने आ चुका है। राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने भी सर्कुलर जारी कर रखा है कि, जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लंबित हों, उन्हें फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाए।

मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि मध्यप्रदेश के नीमच और राजस्थान में छोटी-बड़ी सादड़ी क्षेत्र को नई रेल लाइन से जोड़ने के लिए रेल मंत्रालय ने 12 अगस्त 2022 को अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद जिन-जिन जमीनों में से होकर रेलवे लाइन गुजरती, उनका आनन-फानन में कृषि से आवासीय भू-रूपांतरण करने का खेल शुरू हुआ। अक्टूबर-2022 में अधिकांश लोगों ने एक साथ अपनी जमीनों को कृषि से आवासीय में रूपांतरित करवा लिया, जिनमें यह 18 लोग भी शामिल थे। जबकि नियमानुसार, जमीन अवाप्ति की अधिसूचना जारी होने के बाद भूमि किस्म में बदलाव नहीं किया जा सकता।

उन्होंने बताया कि रेलवे मंत्रालय ने 12 अगस्त को अधिसूचना जारी करते हुए "नीमच-बड़ीसादड़ी नई रेल लाइन परियोजना" के लिए नीमच के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा प्रतापगढ़ व चित्तौड़गढ़ उपखंड अधिकारी को सक्षम प्राधिकारी घोषित किया था।

इस रेलवे लाइन की घोषणा के बाद पूरे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर रेलवे विभाग व स्थानीय प्रशासन ने सर्वे किया। इसी दौरान प्रकरण संख्या 14/2024 जी.सी.एम.एस. नंबर 2024/2016 मेघराज बनाम भारत सरकार में उपखंड अधिकारी प्रतापगढ़ ने मुआवजा राशि 12 लाख 46 हजार 994 रुपए तय की थी।

किरोड़ीलाल ने बताया कि "रेलवे अधिनियम-1989 की धारा 20(च)(6) के तहत किसी भी भूमि अधिग्रहण के मुआवजे से कोई व्यक्ति संतुष्ट नहीं होता है तो वह मध्यस्थ के समक्ष आवेदन कर सकता है। चूंकि बांसवाड़ा संभागीय आयुक्त नीरज.के.पवन इन मामलों की मध्यस्थता कर रहे थे। उनके समक्ष जब यह प्रकरण पहुंचा तो उन्होंने कृषि भूमि से आवासीय कन्वर्जन को सही ठहराते हुए मुआवजा राशि 12.46 लाख रुपए से बढ़ाकर 1 करोड़ 45 लाख 64 हजार 477 रुपए तय कर दी। इससे सिर्फ एक मामले में ही रेलवे विभाग को 1.33 करोड़ रु. का नुकसान हुआ।"

इसके बाद गत 20 जून 2024 को प्रतापगढ़ जिले के छोटी सादड़ी उपखंड अधिकारी व भूमि अवाप्ति के सक्षम प्राधिकारी प्रवीण कुमार मीणा ने उत्तर-पश्चिम रेलवे उदयपुर के उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण-4) को पत्र लिखकर इस प्रकरण में खातेदार को देने के लिए 1.33 करोड़ रु. की मुआवजा राशि और मांगी है।

किरोड़ीलाल ने संभागीय आयुक्त नीरज.के.पवन. द्वारा 18 जमीनों के प्रकरणों में बढ़ाई गई 20 करोड़ रु. की मुआवजा राशि की सूची जारी करते हुए सभी प्रकरणों की जानकारी भी साझा की है। जिसमें उन्होंने खातेदारों के नाम, केस नंबर, खसरा नंबर, जमीन अवाप्ति का एरिया, भूमि रूपांतरण की तारीख बताई है। इसके साथ ही कृषि भूमि के हिसाब से दिये जाने वाले करीब 2 करोड़ की मुआवजा राशि को प्रकरणवार बताया है। इसके अलावा वर्तमान में आवासीय भूमि के हिसाब से 22 करोड़ रु. की जो मुआवजा राशि दी जाने वाली है, उसकी भी पूरी जानकारी दी है।

किरोड़ी लाल के मुताबिक मेघराज पिता भुवानीराम निवासी केसुंदा के खसरा नम्बर 2914/1496, जगदीश पिता हेमराज निवासी केसुंदा के खसरा नम्बर 2916/1109, टीना पुत्री विपुल कुमार निवासी केसुंदा खसरा नम्बर 2918/1910, जगदीश चंद्र पिता मोहनलाल निवासी खेड़ाकेसुंदा खसरा नम्बर 102, दशरथ, राजेश पिता मेघराज निवासी केंसुंदा खसरा नम्बर 2912/1495, अभिषेक पिता बाबूलाल निवासी धामनिया रोड खसरा नम्बर 517/34, कानाबाई पुत्री कारूलाल निवासी केसुंदा खसरा नम्बर 1066, धापू पुत्री भेरु पारम पिता भेरु निवासी राजपुरा खसरा नम्बर 304/104, रामचंद्र पिता बजेराम निवासी चान्दोसी खसरा नम्बर 1514/300, नानाराम पिता गवरीलाल निवासी चान्दोसी खसरा नम्बर 1520/358, सीताराम पिता पर्चा निवासी हमेरपुरा उर्फ दूधतलाई खसरा नम्बर 807/103, टीना पुत्री विपुल कुमार निवासी केसुंदा, गंगाबाई पुत्री भेराजी निवासी जलोदा जागीर खसरा नम्बर 2475/2011, चेतना पिता बाबुलाल निवासी धमानिया रोड खसरा नम्बर 518/34, आशाबाई पुत्री बाबूलाल निवासी धमानिया रोड खसरा नम्बर 519/34, रामलाल पिता मोती निवासी हमेरपुरा उर्फ दूधतलाई खसरा नम्बर 805/95, प्रकाश चंद्र पिता कानीराम निवासी जालोदा जागीर खसरा नम्बर 2477/1982, सुमित्राबाई पुत्री गोपाललाल निवासी राजपुरा खसरा नम्बर 310/309, ईश्वरनाथ पिता गोपीनाथ निवासी चांदोसी खसरा नम्बर 1516/708।



राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। राज्यपाल ने उनसे राजस्थान के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल की उनसे यह शिष्टाचार भेंट थी।

## हरियालो राजस्थान के लिए बनाए 17 ब्रांड एंबेसडर

**जयपुर**। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर हरियाली तीज पर हरियालो राजस्थान अभियान को लेकर पिछले लगभग 3 महीने से लगातार प्रदेश का दौरा कर अभियान को सफल बनाने मे जुटे हैं। दिलावर प्रदेश के 17 से अधिक जिलों का दौरा कर 200 से अधिक बैठके ले चुके हैं। अभियान को लेकर मंत्री ने 17 ब्रांड अम्बेसडर भी नियुक्त किए हैं जो निरंतर इस अभियान को सफल बनाने मे जुटे हुए हैं। नियुक्त किए गए सभी ब्रांड एंबेसडर पर्यावरण के लिए काम करने वाली प्रमुख हस्तियां हैं।

हिम्मता राम भांभू नागौर जिले से है। पद्मश्री प्राप्त भांभू ने 7 अगस्त को एक ही दिन मे 11 हजार पौधे लगाने और उनको सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है। अजीत सिंह शेखावत पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ तहसील के छिछलास ग्राम निवासी शेखावत ने स्वयं के निजी खर्चे पर 51000 पौधे पूरे राजस्थान मे नंगे पैर रहकर लगाए हैं। साथ ही 6 छोटे-छोटे ऑक्सीजन पार्क भी विकसित किए हैं। धर्मपाल डोंगीवाल पेशे से शिक्षक है। नागौर निवासी डोंगिवाल अब तक 5 हजार पौधे लगा चुके हैं।

जालोर के शंकर लाल राजपुरोहित ने 11000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है।जालोर की जस्ट लाइक यू फाऊंडेशन ने भी 11000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। जोधपुर के निर्मल गहलोत बड़े समाजसेवी हैं। वह कोचिंग संचालक है। गहलोत ने राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी के 11000 पौधे उपलब्ध करवाने तथा उनका कलम करने का संकल्प लिया है। जयपुर के सुभाष गोयल जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हैं। इन्होंने 100000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। उमेश भंडारी, प्रेसिडेंट रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जयपुर। इन्होंने 11000 पौधे लगाने और उनको सुरक्षित रखने का संकल्प किया है। जयपुर के सुनील अग्रवाल ने 11000 से ज्यादा पौधे लगा दिए हैं तथा हर महीने औसतन 3 से 4 लख रुपए वृक्षारोपण हेतु खर्च करते हैं। मानस गोस्वामी गोविंद देव जी मंदिर,जयपुर। गोस्वामी ने 21000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। राम अवतार मीणा, सवाई माधोपुर निवासी मीना ने 11000 पौधे लगाने और उनको सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है। सीकर निवासी महंत दिनेश गिरि महाराज, पीठाधीश्वर बुद्ध गिरी मढ़ी, फतेहपुर,सीकर ने 21000 पौधे लगाने और उनको सुरक्षित रखते हुए वृक्ष बनाने का संकल्प लिया है। श्याम सुंदर पालीवाल, निवासी राजसमंद। पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हस्ती है। इन्होंने 11000 पौधे लगाने और उनको वृक्ष बनाने का संकल्प लिया है। निलेश जागेटिया, रेलमगरा, राजसमंद निवासी जागेटिया 15000 पौधे लगाएंगे। दिलीप सुराणा, प्रसिद्ध उद्योगपति सुराणा जी माइक्रोलैब्स लिमिटेड ग्राम बाल राय जिला पाली के सीएमडी है। इन्होंने 20000 पौधे लगाने और उनको सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है। विजय सिंह राठौड़ हनुमानगढ़ जिला परिषद के सदस्य है। राठौर 11000 पौधे लगाएंगे तथा रामेश्वर मित्तल बारां जिले के शाहाबाद के रहने वाले है।

## एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक का शुभारंभ

**जयपुर**। भारत सरकार की नागर विमान सुरक्षा के तत्वावधान में इंटेलिजेंस ट्रेंनिंग अकेडमी जयपुर स्थित एविएशन सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक का शुभारंभ सोमवार को आईजी सुरक्षा राजस्थान राजेश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में किया गया। समारोह के शुभारंभ के अवसर पर आईजी मीणा ने बताया कि सोमवार 5 से 11 अगस्त तक एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक मनाया जा रहा है। मीणा ने हॉटल मैनेजमेन्ट के छात्रों को हवाई सुरक्षा के बारे में बताया। वरिष्ठ नागरिक उड्यन सुरक्षा अधिकारी ईश्वर सिंह द्वारा विमान यात्रा के दौरान केटरिंग सुरक्षा के बारे में व्याख्यान दिया गया। बीसीएएस से आये अधिकारी, इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ हॉटल मैनेजमेन्ट के अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं तथा उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक, एएसटीआई, राजस्थान दीपक भार्गव सहित इन्टेलीजेंस प्रशिक्षण अकादमी जयपुर के प्रशिक्षणार्थी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## दो बदमाशों ने की बुजुर्ग से लूटपाट

**जयपुर**। जयसिंहपुरा खोर इलाके में दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से लूट की वारदात को अंजाम दिया।

बताया जा रहा है कि रात के समय घर लौटते समय बदमाशों ने वारदात की। मारपीट कर बदमाश कैश छीन ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात जमवारामगढ़ निवासी गोविन्द नारायण शर्मा (60) के साथ हुई। रविवार रात वह घर लौट रहे थे। सूगली नदी कचरा प्लांट के पास दो बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया।

## दौसा में हुई सड़क दुर्घटना पर राज्यपाल की शोक संवेदना

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने दौसा में हुए भीषण हादसे में नायब तहसीलदार सहित तीन कार्मिकों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायल तीन कार्मिकों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की।

## हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़

**जयपुर**। सांगानेर इलाके में एक हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पिछले काफी समय से आरोपित उसका पीछा कर बीच रास्ते में पकड़ कर छेड़छाड़ कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'श्री शुभम लॉजिस्टिक व भंडारण निगम के अनुबंध की जांच करें ए.सी.बी.'

## मंत्री किरोड़ीलाल की शिकायत के बाद भंडारण निगम ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को जांच के लिए पत्र लिखा

**जयपुर** (का.सं.)। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की शिकायत पर राजस्थान राज्य भंडारण निगम ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) को पत्र लिखकर कहा है कि, "श्री शुभम लॉजिस्टिक के साथ कृषि उपज को भंडारण निगम व प्राइवेट गोदामों में सुरक्षित रखने के लिए किए गए अनुबंध" के प्रकरण में भारी अनियमितताओं के आरोपों की जांच की जाए।

गौरतलब है कि मंत्री किरोड़ीलाल ने 16 मई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत दी थी कि जून-2020 में भंडारण निगम ने गोदाम निर्माण, गोदामों को पी.पी.पी. मोड पर देने और उनका प्रबंधन करने के लिए श्री शुभम लॉजिस्टिक और ऑरिगो कंपनी को टैंडर दिया था, लेकिन इन फर्मों ने शर्तों का उल्लंघन करते हुए गोदामों में रखी 3000 करोड़ की बाजार मूल्य वाली कृषि उपज का बीमा नहीं करवाया। इसके अलावा तयशुदा बैंक गारंटी की राशि भी विभाग में जमा नहीं करवायी। इस किरोड़ीलाल मीणा ने 21 जनवरी 2024 की सी.ए.जी. रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस घोटाले की जांच करवाने, टैंडर निरस्त करने और दोषी बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग उठाई थी।

गौरतलब है कि भंडारण निगम ने गत 19 जून को कृषि-उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव को पत्र लिखा था कि "मंत्री किरोड़ीलाल के गंभीर आरोपों के बाद 14 जून को बोर्ड मीटिंग में श्री शुभम लॉजिस्टिक द्वारा की गई अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया था। साथ ही दो वरिष्ठ अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का भी फैसला लिया था। बोर्ड मीटिंग में कहा गया था कि प्रतिनियुक्ति पर लगे डिप्टी डायरेक्टर योगेश वर्मा को निलंबित किया जा चुका है। पत्र में बताया गया कि लेखाधिकारी बिंदू भदौरिया के निलंबन के लिए भी वित्त विभाग को फाइल भेजी गई है। इसी संदर्भ में भंडारण निगम ने ए.सी.बी. को पत्र लिखकर यह भी कहा है कि, श्री शुभम लॉजिस्टिक के साथ हुए अनुबंध में कई चौंकानें वाली बातें हैं, जैसे कि भंडारण निगम, इस कंपनी के साथ अपना अनुबंध खत्म भी करना चाहे तो "टर्मिनेशन क्लॉज" (अनुबंध खत्म करने की शर्त) के अनुसार भंडारण निगम को उसे खामियां बताते हुए नोटिस देकर 6 माह में इन गलतियों को सुधारने का मौका देना पड़ेगा। इसके बाद भी अगर हालात नहीं सुधरते हैं तो 3 माह का अतिरिक्त समय देते हुए पुन: नोटिस देना पड़ेगा। एसीबी को भेजी गई शिकायत के साथ इस एकतरफा "टर्मिनेशन क्लॉज" के बारे में भी जानकारी दी गई है। हैरानी की बात है कि तत्कालीन अधिकारियों व उनके वित्तीय सलाहकारों ने श्री शुभम लॉजिस्टिक के साथ ऐसा अनुबंध करने के लिए क्यों विवश थे?

## कांग्रेस शासन में महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय रही : मदन राठौड़

**जयपुर**। केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मिशन शक्ति योजना पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सांसद मदन राठौड़ ने राज्यसभा में सवाल लगाया। राठौड़ ने महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति योजना को लेकर राजस्थान राज्य का 2021 से लेकर 2023-24 तक का ब्योरा मांगा। सवाल के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान राजस्थान राज्य सहित संपूर्ण देश में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला स्कीम के रूप में एक्रीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मिशन शक्ति शुरू किया गया। इसके अन्तर्गत राजस्थान राज्य को पिछले तीन वर्ष 2021-22 में 123.84 करोड़, 2022-23 में 90 करोड़ और 2023-24 में 144.18 करोड़ का बजट जारी किया।

## शिक्षिका ने छात्रा को चोटी पकड़कर जमीन पर पटका

**जयपुर**। राजधानी के बनीपार्क स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 10 साल की मासूम छात्रा को टीचर ने चोटी पकड़ कर बेंच से नीचे पटक दिया। इससे बच्ची के हाथ में भी मोच आ गई। ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं, इस मामले पर अब शिक्षा मंत्री ने जांच के आदेश देते हुए दोषी शिक्षिका पर कार्रवाई की बात कही है।

एक तरफ शिक्षा महकमा प्रदेश के सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता लाने के प्रयास में जुटा है।

## सार-समाचार

### पौधारोपण किया

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में त्रिवेणी धाम समेल पर पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान 21 पौधे लगाये अशोक नीम जामुन आदि के लगाए गए हैं तहसील क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण से क्षेत्र में हरियाली बनी रहेगी बढ़ती गर्मी के देखते हुए यह कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया वृक्षारोपण का कार्यक्रम में अपने अपने क्षेत्र में पौधे लगाने का संकल्प लिया प्रवक्ता अनीश खान ने बताया रफीका खान ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस सिद्दीक खान किसान मोर्चा अध्यक्ष सत्यनारायण नागर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल टाटु पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामकरण मालव पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेन्द्र मालव पूर्व प्रधान महफूज अली पूर्व सरपंच पंकज ननवाना डॉ नफीस अहमद भंवर सिंह सारथल नंदकिशोर वर्मा सदस्य प्रतिनिधी रमेश गाडरी अशोक यादव टाचा भगवान सिंह यादव टाचा डब्बू जैन मोहम्मद अशफाक कमल मीणा श्याम सुंदर सुमन मांगीलाल भील जितेंद्र कुमावत तोलाराम मीणा नंदकिशोर नागर हेमराज नागर राकेश मेघवाल विजय शंकर नागर चौथमल नागर बाबूलाल जी नागर बद्री लाल सुमन जाकिर भाई बिलन्डी सद्दाम बिलन्डी रिंकू योगी पलिया खुशराज नागर बृजमोहन मीणा रामभरोस चंद्र मोहन मूलचंद जीतू जगदीश महावीर मुकेश शेरा गोल्ड श्रीलाल मेहरा सहकारी अध्यक्ष टाचा सैकडो कार्यकर्ताओं के साथ रहे

### लार्वा मिलने पर मकान मालिकों को नोटिस

**रामगंजमंडी** (निसं)। स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की 765 टीमों ने 13391 घरों का सर्वे किया।डेंगू, मलेरिया, चिगनुनिया आदि मच्छर जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की।इस दौरान लार्वा मिलने पर 46 मकान मालिकों को नोटिस दिए। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि टीमों ने घरों के 26865 कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। इनमे से लार्वा मिले 207 कंटेनरों को उपचारित किया।इनके अलावा 1535 कंटेनरों को खाली कराया।वहीं पानी से भरे 1242 कंटेनरों में टेमीफास एवं जल भराव वाले 1189 स्थानों पर लार्वा नाशक रसायन एमएलओ डाला गया। इस दौरान 129 ब्लड स्लाईड भी ली गई। आमजन को बीमारियों से बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्पलेट भी वितरित किए।

### बापू मालदेव राणा की जयंती मनाई

**छीपाबड़ौद** (निसं)। मेहर विकास समिति छीपाबडौद के तत्वावधान में अध्यक्ष अशोक मेहर की अध्यक्षता मे ढोलम रोड़ त्रिवेणी धाम समेल छीपाबड़ौद पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मेर, मेहर शिरोमणि परम पूज्य बापू मालदेव राणा की जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई।समिति के मीडिया प्रभारी घनश्याम कोटडी ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर मोहनलाल मेहर व शिक्षक हेमराज मेहर ने बापू मालदेव राणा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज मे व्याप्त कुरीतियों को छोड़कर समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही वहां उपस्थित समाजबंधुओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ढोलम टांचा मवासा राई बासाहेडा भीलवाडा ऊंचा गुलखेड़ी छीपाबड़ौद सहित कई ग्रामीणों के समाजबंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष अशोक मेहर द्वारा सभी आगन्तुक समाज बन्धुओं को धन्यवाद दिया।

### शिविर में 111 यूनिट रक्तदान

**बून्दी** (निसं)। बावन माता रानी के मंदिर में हरियाली अमावस व अन्नू गोस्वामी के जन्मदिन अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें ग्रामवासियों के सहयोग से 111 यूनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान षिविर में ग्रामीण महिलाओं और युवतियों ने भी स्वैच्छिक यप से रक्तदान किया। समाज सेवी अन्नू गोस्वामी ने बताया कि आयोजन में कोटा बून्दी सांसद प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल और अरबन बैंक चैयरमेन व पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने रक्तदाताओं का हौसला बढाया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौड़, मंडल अध्यक्ष मनवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली उप सरपंच बाबूलाल कुशवाह सत्यनारायण जी गोस्वामी राजकुमार गोस्वामी युवराज कुशवाह अभिलाष गोस्वामी बालमुकुंद बैरागी मोहित कुशवाह गिर्राज बैसला रामकिशन सैनी पुजारी जी इरशाद मंसूरी मनीष गोस्वामी वीरेंद्र शर्मा गायत्री सोनी रघु प्रजापत सुरेश प्रजापत रामगोपाल गुर्जर समस्त ग्राम वासियों ने बढ चढकर भाग लिया।

### आज पांच घण्टे विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। सुकेत रोड पर आज निर्माणाधीन सिटी फोरलेन के पास लाइन शिफ्टिंग का कार्य संवेदक द्वारा किया जाएगा। जिस कारण 33केवी लाइन रामगंजमंडी से देवलीखुर्द व रामगंजमंडी 11केवी सिटी फीडर नंबर 3 की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 से सायं 4 बजे बंद रहेगी।उक्त जानकारी देते हुए ज्वाला कुमार वर्मा सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने बताया कि ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के देवलीखुर्द पावरहाउस से जुड़े समस्त फीडर जैसे देवलीखुर्द हेमलखेडी हरिपुरा देवली कृषि के साथ साथ सिटी फीडर नंबर 3 की से जुड़े यादव मौहल्ला सुकेत रोड सुविधानगर कॉलोनी ओंकार कॉलोनी भीमशंकर कॉलोनी हनुवतखेड़ा सुलेखनगर व शिवनगर इत्यादि जगहों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### 'हर महीने चार दिन जनसुनवाई करुंगा'

**बून्दी** (निसं)। जयपुर से कोटा जाते समय लोकसभा अध्यक्ष ओएसडी राजीव दत्ता का पूर्व सभापति महावीर मोदी के अगुवाई में अनंता रिसोर्ट में प्रशंसको द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान दत्ता को कार्यकर्ताओं ने समस्याओं से अवगत कराया व ज्ञापन सौंपे। इस अवसर पर दत्ता ने कहा कि महीने में चार दिन बून्दी पहुंचकर जनसुनवाई करेंगे और शहरवासियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोजी नुवाल, महावीर जैन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज पुरोहित, पार्षद मानस जैन, संदीप यादव, भंवर सिंह ट्रेलर, रघु पंचोली, राजेंद्र जैन रानीपुरा सहित प्रशंसक और समर्थक मौजूद रहे।

### मंत्री देवासी कल झालावाड़ दौरे पर

**झालावाड़** (निसं)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड जिले के प्रभारी मंत्रीओटाराम देवासी 7 अगस्त को झालावाड जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड ने बताया कि प्रभारी मंत्री 6 अगस्त को दोपहर 3 बजे जयपुर से रवाना होकर रात्रि 9 बजे झालावाड पहुंचेगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस में करेंगे। प्रभारी मंत्री 7 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे राजकीय आवासीय विद्यालय, झालरापाटन में ''हरियालो राजस्थान'' अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं दोपहर 12.30 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे तथा सायं 4 बजे बारां जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शिवालयों में भक्त उमड़े

**बून्दी** (निसं)। सावन माह के तीसरे सोमवार को जिले भर के शिवालयों में भगवान शिव का श्रद्धालुओं द्वारा रूद्राभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बौल्व पत्र, दूध, पुष्प, दही, आक के फूल, प्रसाद आदि चढ़ाये। भगवान शिव के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। शहर के खोजागेट रोड स्थित माता श्री वैष्णोदेवी मन्दिर में स्थित शिव परिवार की पूजा करने के लिए प्रातः 6 बजे से हो महिलाओं व पुरुषों का तांता लगा रहा। यहां महिलाओं ने परिवार के साथ सामूहिक पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की।

### पानी भरने से परेशानी

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के ग्राम बरडावदा के आगे मील चौराहे के पास पानी का भराव से स्कूल में जाने वाले बच्चों और आमजन को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड रहा है। बृजराज मीणा बोरखेडी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामवासियों ने तहसील कार्यालय में और ग्राम पंचायत में भी सूचना दे दी है पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से भी बात हुई अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है।

### लहरिया महोत्सव नौ को

**बून्दी** (निसं)। गौतम महिला मंडल 9 अगस्त को लहरिया महोत्सव मनाएगा। आयेजन को लेकर वैष्णो देवी मंदिर बस स्टैंड में आयोजित गौतम महिला मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, उपाध्यक्ष नीलिमा शर्मा व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अनीता शर्मा संयोजक व उमा शर्मा को सहसंयोजक नियुक्त किया।

# मानसून के दौरान विपरित परिस्थितियों के लिए सभी अधिकारी तैयार रहें : जिला कलेक्टर

**झालावाड़,** (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि भारी बारिश के मद्देनजर जिले में वर्तमान में रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिसके अनुसार जिले में अत्यधिक वर्षा होने की संभावना है जिससे नीचले क्षेत्रों में अधिक जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। इस परिस्थिति से निपटने के लिए सभी अधिकारी सतर्क रहें। किसी भी स्थिति में अधिकारी न ही अवकाश लें और न ही मुख्यालय छोड़ें।

जिला कलेक्टर ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता को जिले में शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता को निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए बिजली के पोल व तारों को सही करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवड़ी तालाब के पास हाइटेंशन लाइन के नीचे बसे लोगों के अवैध बिजली कनेक्शन काटने के निर्देश भी दिए।



झालावाड़ में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि जिस क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा हो अथवा होने की संभावना हो और बच्चों को विद्यालय आने-जाने में परेशानी हो उन क्षेत्रों में जब तक स्थिति सामान्य न हो जाए तब तक वहां विद्यालयों में अवकाश रखा जाए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से कहा कि सभी बांधों से संबंधित स्टाफ को सचेत रहने एवं नियमित रूप से बांधों की जलभराव की स्थिति एवं गेट खुलने की सूचना जिला मुख्यालय सहित आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर ने नगर परिषद् झालावाड व नगर पालिका झालरापाटन के अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में अब तक हटाए गए अतिक्रमण एवं आने वाले दिनों में हटाए जाने वाले अतिक्रमणों से संबंधित जानकारी अविलम्ब जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में भिजवाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण 15 दिन से अधिक अवधि तक लम्बित न रहे। उन्होंने लाइट्स पोर्टल पर भी 3 माह से अधिक की अवधि के प्रकरण लम्बित नहीं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मयोगी पोर्टल पर शेष रहे कार्मिकों को पंजीकरण एवं प्रशिक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को लक्ष्यानुसार शीघ्र पौधारोपण के कार्य को पूर्ण करवाने तथा लगाए गए पौधों की जीओ टैगिंग करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरयूआईडीपी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रसद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं वन विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण आयुक्तालय जयपुर के अधिशाषी अभियंता राजीव आचार्य सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्तनपान जागरुकता पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण

**बूंदी** (निसं)। स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को इनर व्हील क्लब बूंदी द्वारा आशा सहयोगिनी सहायिकाओं के लिए स्तनपान एवं स्वच्छता संबंधी व्याख्यान का आयोजन रखा गया। डॉ अंकिता अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में बताया कि प्रसव के प्रथम चार घंटे में शिशु को स्तनपान अत्यावश्यक है तथा माता द्वारा शिशु स्पर्श से नवजीवन दिया जा सकता है। साथ ही उन्होंने इस समय की स्वच्छता पर भी विशेष बल दिया। स्वच्छता के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनसे बचाव के तरीकों के विषय में भी जानकारी दी। आयोजन में संवाद के द्वारा सहायिकाओं से उनके अनुभव आदि पर भी स्वस्थ चर्चा की गई। क्लब अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा दीक्षित की पहल पर जच्चा गीत एवं भजनों द्वारा इस आयोजन को सरस रूप दिया गया।

### जनसुनवाई आठ को

**छबड़ा** (निसं)। जिला कलैक्टर की अध्यक्षता में गुरूवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई सुबह 11 बजे पंचायत समिति में आयोजित की जाएगी। एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने बताया कि गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवा का आयोजन जिला कलैक्टर द्वारा प्रस्तावित है एवं निरीक्षण उपरांत दोपहर 12 बजे उपखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक भी प्रस्तावित है।

## वी.एम.ओ.यू. में प्रवेश सत्र जुलाई के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**बून्दी** (निसं)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के अकादमिक सत्र जुलाई 2024 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिको बढ़ा दिया गया हैं। अब प्रवेश सत्र जुलाई 2024 के आवेदन 31 अगसत तक किए जा सकते हैं। गौरतलब हैं कि वीएमओयू कोटा के अकादमिक सत्र जुलाई 2024 के स्नात्कोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र, के सभी कार्यक्रमों प्रवेश चल रहे है। वीएमओयू में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन है।

विश्वविद्यालय में संचालित हो रहे विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों की पूर्ण जानकारी एवं प्रवेश योग्यता के बारे में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई-प्रोस्पेक्टस पर क्लिक कर प्राप्त कर सकते है। अध्ययन केन्द्र, राजकीय महाविद्यालय बून्दी के जिला समन्वयक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मीना ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र आदि सभी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र सुविधानुसार राजकीय महाविद्यालय बूंदी, अध्ययन केन्द्र का चुनाव करके किसी भी ई-मित्र एवं नेट बैंकिंग तथा क्रेडिट कार्ड के माध्यम सें ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश आवेदन कर सकते हैं। जो विद्यार्थी पाठ्यक्रम सामग्री नहीं लेना चाहते है उन्हें जमा शुल्क राशि में 15 प्रतिशत रियायत मिलेगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन लिंक पर क्लिक कर नये ऐडमिशन के तौर पर एवं पूर्व पंजीकृत छात्र प्रमोटी लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन अथवा ई मित्र एवं नेट बैंकिंग तथा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश आवेदन कर सकते है। इसके लिए आवश्यक प्रवेश योग्यता संबंधित दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात् प्रिन्ट कापी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

इसमें नौकरी पेशा, व्यावसायिक वर्ग, गृहणी एवं शिक्षा से वंचित सभी वर्ग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के महिला/पुरुष घर बैठे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है तथा ऐसे समस्त विद्यार्थी जिन्हें महाविद्यालयों में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है वे भी इस विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं।

# पार्षदों ने एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में मुस्लिम छात्रावास का मामला सरगर्मियों में है। नगर पालिका का छात्रावास को लेकर नोटिस जारी होने से मुस्लिम समाज तो हरकत में आया ही साथ ही अन्य समाज के पार्षदों ने भी मुस्लिम छात्रावास के विरुद्ध कार्यवाही को भेदभाव एवं द्वेष पूर्ण बताया। सोमवार को पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष हितेश सोनी के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

पार्षद हस्सान खान ने बताया कि सभी समाजों के छात्रावास व धर्मशालाएं अपने यहाँ शिक्षा ग्रहण करने आने वाले छात्रों व उनके अभिभावकों के रहने व खाने की निःशुल्क व्यवस्था करते है और सामाजिक कार्यों का आयोजन भी उनमें ही होता है, जिसका सम्पूर्ण खर्चा समाज के लोग उठाते है और छात्रावास व धर्मशालाओं का प्रयोग करते है, जिसे व्यवसायीकरण कहकर अवैध ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा। ज्ञापन में नगर पालिका द्वारा सामाजिक संस्थाओं के विरुद्ध व्यवसायीकरण के नाम पर अवैध निर्माण हटाए जाने की जो परम्परा प्रारंभ की गई है, उसे निरस्त कर सभी के साथ समान व्यवहार व कार्यवाही करने के लिए पालिका को निर्देशित करने की मांग की हैं। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट चिरोंजीलाल भार्गव, पालिका उपाध्यक्ष अबरार अहमद, पार्षद नवीन अग्रवाल, आदिल सलारगाजी, रामप्रसाद यादव,



पार्षदों ने एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया।

शाकिर खान, राज मोहम्मद, भगवान कोली, सलमा बेगम, खालिद राणा व औसाफ अहमद, पार्षद प्रतिनिधि संजय शर्मा, एडवोकेट हेमंत पारीक, मुश्ताक चौधरी, आसिफ अली, अजय तेजस्वी आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि पार्शद हस्सान खान ने रविवार को जयपुर पहुंचकर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान से मुलाकात कर मुस्लिम छात्रावास को बचाने की मांग की। इस पर राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के सचिव मुकेष कुमार मुंड ने बारां जिला कलैक्टर को पत्र प्रेशित कर 3 दिन में तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाने के निर्देष दिए हैं।

# जरुरतमंदों को कपड़ों की तुरंत मदद पहुंचाई

- करीब 15 गठरी कपड़े एवं बर्तन कच्ची बस्ती में बांटे

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखंड कार्यालय के पास स्थित क्रेशर कच्ची बस्ती में निवास कर रहे जरूरतमंद परिवारों को क तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं, पार्षद मनीष गिरी ने जानकारी देते हुए बताया की क्रेशर कच्ची बस्ती में रहने वाले एक सदस्य ने उन्हें रविवार हाट में सूचना दी और बताया की बस्ती में कई परिवारों को पहनने के लिए कपडो एवं बर्तन की आवश्यकता हैं।

पार्षद मनीष गिरी ने परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में घर-घर पहुंचकर करीब 15 गठरी कपडे एवं बर्तन इकट्ठे किए और अपनी कार से क्रेशर कच्ची बस्ती में रह रहे परिवारों के बीच पहुंचे उन्होने बताया की बस्ती के लोग उनकी गाड़ी को हमेशा



रावतभाटा की कच्ची बस्ती में कपड़े एवं बर्तन वितरण किए।

की तरह पहचान गए और उनके चेहरे खिल उठे बस्ती में कपडे एवं बर्तन वितरण में पार्षद मनीष गिरी, तरुण छाबड़ा, विनोद बोयत ने सहयोग किया।

पार्षद मनिश गिरी ने आमजन से अपील करते हुए कहा की शहर में एवं आसपास क ऐसे परिवार हैं जिनकी हम किसी न किसी तरह मदद कर सकते हैं, आपके घर में काम नही आने वाली किताबे, कपडे, जूते, चप्पल, टिफिन बॉक्स आदि इस तरह की चीज़े गरीब जरूरतमंद परिवारों को दी जा सकती हैं। जो भी मदद करने के इच्छुक हैं वे किसी भी समय इस नं0 7597882874 पर व्हाट्सएप या फोन करके उनसे संपर्क कर सकते हैं, आपकी छोटी सी मदद किसी के जीवन में खुशी बिखेर सकती हैं।

## सिंघवी ने टोल संग्रहण ठेके का मामला उठाया

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने सोमवार को विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जरिए प्रदेश में गैलेक्सी मा निंग एवं मिनरल्स के नाम से चलाए जा रहे सभी टोल संग्रहण ठेके में हो रहे भ्रष्टाचार का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गैलेक्सी मा निंग एवं मिनरल्स के नाम से आरएसआरडीसी में लगभग 20 से 25 टोल चल रहे है जिसमें क टोल वार्षिक एग्रीमेंट पर है और क लेबर कॉन्ट्रेक्ट पर है। प्रदेश में कोटपूतली से कुचामन, भरतपुर से अलवर, वैर से भुसावर, नदब टोल संचालित है। इसके अलावा प्रदेश में यही फर्म 20 से 25 टोल चला रही है। ये सभी टोल लगभग विगत चार पांच वर्ष से निरंतर यहीं फर्म चला रही है। विधायक सिंघवी ने कहा कि आरएसआरडीसी के उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से सभी टोल बिना टेंडर किए समय अवधि बढ़ाई जा रही है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। यह फर्म आरएसआरडीसी के उच्च अधिकारियों से मिलीभगत कर गलत एपीसी (एन्वल प्रोटेन्शियल कलेक्शन) रिपोर्ट बनाते है तथा टेंडर को ऐसी बड़ी राशि पर निकालते है जिससे कि को दूसरी फर्म इन टेन्डरों में भाग ले न सके। जिससे यही फर्म इस टोल संग्रहण ठेके को वापिस उसी रेट से पांच से सात प्रतिशत बढ़ाकर समयावधि बढ़वा लेती है।

## तीन दिवसीय पीईईओ, यूसीईईओ प्रशिक्षण का शुभारंभ

**छबड़ा** (निसं)। ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय पीईईओ, यूसीईईओ प्रशिक्षण की सोमवार से नीमथुर बालाजी परिसर में शुरुआत हो गई हैं। सीबीईओ ओमप्रकाश गालव द्वारा शिविर का शुभारंभ किया। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार केआरपी

- वित्तिय प्रबंधन एवं लेखा नियम और नीलामी प्रक्रिया के बारे में समझाया

प्रधानाचार्य अशोक यादव और व्याख्याता अरविंद गालव ने प्रशिक्षण सत्र में सभी संभागियों का परिचय कराया। केआरपी अशोक यादव ने पीईईओ, यूसीईईओ के दायित्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। अरविंद गालव ने वित्तिय प्रबंधन एवं लेखा नियम और नीलामी प्रक्रिया के बारे में समझाया। कार्यशाला में पीईईओ राधाकिशन मीणा, राकेश भार्गव, बाबूलाल मीणा, बालकिशन शर्मा आदि ने प्राथमिक शिक्षा को माध्यमिक शिक्षा के साथ कैसे गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए पर अपने विचार साझा किए।

# वंदे भारत ट्रेन बूंदी से गुजरेगी, लेकिन ठहराव नहीं दिया, बूंदी की फिर उपेक्षा

- बूंदी में ठहराव को लेकर होटल फेडरेशन ने लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया

**बूंदी** (निसं)। उदयपुर से आगरा के मध्य कोटा-बूंदी होकर 2 सितंबर 2024 से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का बूंदी में ठहराव नहीं दिया गया है। यह ट्रेन बूंदी से गुजरेगी, लेकिन यहां इसका स्टॉपेज नहीं होगा। एक बार फिर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव के चलते बूंदी के अधिकार की फिर उपेक्षा की गई है। बूंदी की इस उपेक्षा को लेकर होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन भेजकर इस ट्रेन का बूंदी में ठहराव किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर से उदयपुर से आगरा के मध्य वंदे भारत ट्रेन संख्या 20981 कोटा होकर शुरू करना राज्य व हाडौती के पर्यटन विकास के लिए एक सकारात्मक प्रयास है। यह ट्रेन आगरा से चलकर बयाना, गंगापुरसिटी, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी को पास करते हुए चांदेरिया, मावली, राणा प्रताप नगर होती हुई उदयपुर पहुंचेगी। इसमें बूंदी को छोडकर सभी जगह इसका ठहराव दिया हुआ है, जबकि इस ट्रेन के माध्यम से आगरा एवं रणथंबोर जैसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों से सीधा हाड़ौती को जोड़ने का प्रयास किया है। पर्यटनस्थल उदयपुर से जोड़ने का भी सार्थक प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन नगरी बूंदी में इस ट्रेन का ठहराव नहीं दिए जाने से बूंदी के पर्यटन को प्रोत्साहन नहीं मिल पाएगा। बूंदी हाड़ौती के पर्यटन के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक, आध्यात्मिक, एडवेंचर पर्यटन से भरपूर है। यहां रामगढ़ अभ्यारण के विकास के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। बूंदी में वंदे भारत ट्रेन का ठहराव नहीं होने से पूरा बूंदी जिला अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है। माहेश्वरी ने बताया कि होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा संभाग हाड़ौती को पर्यटन सर्किट से जोड़ने के लिए प्रयास कर रहा है। वंदे भारत ट्रेन मात्र 8 घंटे में उदयपुर में आगरा की दूरी तय कर रही है, ऐसी महत्वपूर्ण ट्रेन का बूंदी में ठहराव होना चाहिए, जिससे हाड़ौती क्षेत्र में पर्यटन व्यापार उद्योग के विकास का मार्ग प्रशस्त हो। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से मांग की कि हाड़ौती के पर्यटन विकास के लिए वंदे भारत ट्रेन का बूंदी में ठहराव करवाकर आंचलिक पर्यटन, व्यापार, औद्योगिक विकास को गति प्रदान करें।

इस विषय को लेकर होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान बूंदी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप चांदवानी, उपाध्यक्ष मुकेश शृंगी, सचिव लोकेश सुखवाल एवं कोषाध्यक्ष भगवान मंडावरा ने संभागीय अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी को इस ट्रेन के बूंदी में ठहराव की जरूरत बताई। बूंदी व्यापार महासंघ के अध्यक्ष निरंजन जिंदल ने कहा कि बूंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चावल की मंडी है। पर्यटन स्थलों से भरपूर है। यहां पर वर्षभर देश-विदेश के काफी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसका बूंदी में ठहराव नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पुरजोर से मांग की कि वंदे भारत ट्रेन का बूंदी में ठहराव किया जाए, जिससे यहां के पर्यटन, व्यापार, उद्योग के विकास गति मिल सके।

**सुबह साढ़े पांच बजे होगी रवानाः-** उदयपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन सुबह 5.45 पर रवाना होकर 5.52 पर राणा प्रताप नगर, 6.24 पर मावली जंक्शन, 7.47 पर चंदेरिया इसके बाद वन्दे भारत बूंदी के पर्यटन व व्यापारिक विकास के अरमानों पर पानी फेरते हुए 9.50 पर कोटा पहुंचेगी जहां करीब 10 मिनट वन्दे भारत का ठहराव होगा। यहां से वंदे भारत रवाना होकर 11 बजे सवाई माधोपुर, 11.43 पर गंगापुर सिटी व बयाना होते हुए 2.30 मिनट पर आगरा फोर्ट पहुंचेगी।

मावली जंक्शन, गंगापुर सिटी, बयाना में ठहराव होगा, बूंदी में नहीं

उदयपुर से शुरू होकर चंदेरिया कोटा होते हुए आगरा फोर्ट तक का सफर तय करने वाली वंदे भारत ट्रेन संख्या 20981 का ठहराव मावली जंक्शन, गंगापुर सिटी, बयाना जैसे स्टेशनों पर होगा, लेकिन बूंदी स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं होगा। इसके लिये बूंदी के आमजन प्रयासरत नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि आमजन की मांग पर दूसरे स्टेशनों पर ठहराव के लिये लगातार अनुमतियां जारी की जा रही है। उदयपुर से शुरू होकर आगरा फोर्ट तक जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का कोटा के बाद आगरा फोर्ट मे ही ठहराव था, लेकिन आमजन की मांग व जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बाद अब वन्दे भारत का भरतपुर संभाग के सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी व बयाना स्टेशन पर भी ठहराव होगा। जिसे लेकर रेलवे बोर्ड से अनुमति भी जारी कर दी है। बात बात पर ज्ञापन प्रदर्शन, बूंदी बंद करने के आदि हो चुके बूंदी वासी सत्ताधारियों के दबाव मे एक बार फिर चुप ही रहेगे। पर अरमानो को कैसे धरातल पर कैसे उतारा जाता है ये कोई भरतपुर वासियों से सीखना चाहिए।



इस लीग के शुरुआती दो सत्र कमाल के रहे हैं जिसमे दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओं ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किये है।

– दिनेश कार्तिक

भारत के पूर्व विकेटकीपर, एसए-20 लीग के दूत नियुक्त किये जाने पर।

# खेल जगत


**आज का खिलाड़ी** वाशिंगटन सुंदर



**भारतीय** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड के गस एटकिंसन और स्कॉटलैंड के चार्ली कासेल के साथ जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। पिछले कुछ समय से चोटों से जूझने के बाद सुंदर ने आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित किया है। सुंदर उस युवा भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा किया था। इस युवा ऑलराउंडर ने भारत की वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**क्या आप जानते हैं ?...** 19वीं सदी तक बॉक्सिंग को दुनिया में हिंसक खेल माना जाता था और इस पेशेवर खेल पर प्रतिबंध था जो 1901 में हटा।

## माहेश्वरी-नरूका कांस्य मेडल से चूके, चीनी जोड़ी से 44-43 से मिली हार





नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका पेरिस ओलंपिक2024 स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में सोमवार को यहां चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली। महेश्वरी अपने 24 निशाने में से तीन में चूक गयी जबकि नरूका दो निशाने चूके। चीन की यितिंग चार निशाने चूक गयी लेकिन उनके पुरुष खिलाड़ी जियानलिन ने अपने सभी निशाने सटिक लगाकर इसकी भरपाई कर दी। इससे पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय जोड़ी ने 146 स्कोर कर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था।

भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाये। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाये लेकिन नरूका दूसरी और पांचवीं सीरिज में चूककर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाये।

## लक्ष्य सेन के हाथ से फिसला कांस्य पदक

### मलेशियाई खिलाड़ी से मिली हार

नई दिल्ली, 5 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए 9वां दिन भी निराशाजनक रहा। जहां लक्ष्य सेन के हाथ से मेडल फिसल गया। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में बढ़त लेने के बाद भी हार झेलनी पड़ी। उन्हें मलेशिया के ली जी जिया ने हरा दिया और मेडल अपने नाम कर दिया। लक्ष्य सेन की हार के साथ ही भारत का पेरिस ओलंपिक में चौथा मेडल जीतने का इंतजार भी बढ़ गया है।

22 वर्षीय लक्ष्य सेन के लिए इस हार के बावजूद पेरिस ओलंपिक ऐतिहासिक साबित हुआ। वे ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बने हैं। पहला गेम एकतरफा अंदाज में 21-13 से जीतने के बाद दूसरे गेम में भी लक्ष्य का दबदबा साफतौर पर देखा जा सकता था। पूरे मैच में मलेशिया के ली जी जिया पहली बार दूसरे गेम में ही लीड ले पाए, जब उन्होंने पीछे से आते हुए स्कोर 9-8 किया, ये लीड देखते ही देखते उनके पक्ष में 12-18 हो गई, लक्ष्य सेन ने लगातार चार पॉइंट लेते हुए वापसी की पूरी कोशिश की, लेकिन दूसरा गेम वह 16-21 से हार गए। तीसरे गेम में ली जी जिया ज्यादा अटैकिंग हो गए। 10-5 से बढ़त बनाने के बाद उन्होंने 21-11 से लक्ष्य को हरा दिया।

गौरतलब है कि, ओलंपिक इतिहास में बैडमिंटन को अब तक जो तीन मेडल मिले हैं, वो सभी महिला शटलर्स के गले में ही सजे हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में साइना नेहवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। तो पीवी सिंधु ने रियो और टोक्यो में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### निशा का अंतिम आठ में उत्तरी कोरिया की पाक सोल गम से मुकाबला होगा

पेरिस, 5 अगस्त। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत रोमानिया पर जीत के साथ की है। साउथ पेरिस एरिना में आज खेले गए रोमांचक राउंड ऑफ-16 मुकाबले में भारतीय टीम ने रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अर्चना कामथ और श्रीजा अकुला ने महिला राउंड ऑफ 16 टेबल टेनिस मुकाबले के पहले मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा को 11-9, 12-10, 11-7 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद मनिका बत्रा ने रोमानिया की बर्नडेट स्जोक्स के खिलाफ 11-5, 11-7, 11-7 से जीत दर्ज की और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। इस दौरान तीसरे गेम में श्रीजा अकुला को रोमानिया की एलिजाबेटा समारा के खिलाफ पांच गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान ने जीते 13 स्वर्ण पदक

भरतपुर, 5 अगस्त। छत्तीसगढ़ के रायपुर में सम्पन्न 46वीं नेशनल आर्म रेसिलिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने महिला एवं पुरूष वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में 13 स्वर्ण, चार रजत एवं पांच कांस्य पदक के साथ कुल 22 पदक जीते। यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार एक से पांच अगस्त तक आयोजित इस चैम्पियनशिप में राजस्थान के 13 महिला एवं 35 पुरुषों सहित 48 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सीनियर महिला वर्ग में राजस्थान पुलिस की मनीषा चाहर और सारा चौधरी ने स्वर्ण पदक एवं सीनियर पुरूष वर्ग में प्रमोद तुहिया ने रजत पदक, सायर चौधरी और मोहित सिनसिनवार ने कांस्य पदक जीते। यूथ बालक वर्ग में राज चौधरी ने स्वर्ण, आदेश चौधरी, कुनाल पहाड़िया, हिमालय चौधरी ने रजत पदक जबकि महिला यूथ वर्ग में रूचि फौजदार ने स्वर्ण और किरण चारण ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक वर्ग में प्रशान्त चाहर, सुधान्सु एवं प्रिन्स चौधरी ने स्वर्ण पदक, इसी भार वर्ग में आदित्य सिंह और मोहित पूनियां ने कांस्य पदक एवं जूनियर बालिका वर्ग में स्नेहा ने स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार सब जूनियर बालक वर्ग में समीर चाहर ने स्वर्ण पदक, सब जूनियर बालिका वर्ग में मनीषा गुर्जर और पायल ने स्वर्ण पदक जीते। मास्टर पुरूष वर्ग में डॉ0 दीपक सिंह ने स्वर्ण पदक एवं पुरूष दिव्यांगजन कैटेगरी में जयपाल गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीते। सात स्वर्ण एवं एक कांस्य के साथ उपविजेता रही राजस्थान महिला आर्म रेसलिंग टीम की कप्तान राजस्थान पुलिस की सहायक उपनिरीक्षक. मनीषा चाहर एवं अन्य महिला टीम की महिला खिलाड़ियों को भारतीय आर्म रेसलिंग फैडरेशन के सचिव मनोज नायर ने उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की। राजस्थान आर्म रेसलिंग संघ के सचिव लोकेश चाहर टीम के मुख्य कोच एवं नेशनल चैम्पियनशिप में मुख्य तकनीकी अधिकारी रहे।

### तेलंगाना के अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पेरिस रवाना

हैदराबाद, 5 अगस्त। तेलंगाना के खेल अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को ओलंपिक 2024 खेलों का दौरा करने के लिए पेरिस रवाना हुआ। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशों के बाद प्रतिनिधिमंडल में तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष के शिवसेन रेड्डी, सरकारी सलाहकार (खेल) जितेन्द्र रेड्डी, विधान परिषद के सदस्य महेश कुमार गौड़, वीसी और एमडी ए सोनी बालादेवी-आईएफएस, एन प्रकाश रेड्डी-आईपीएस, पूर्व केंद्रीय मंत्री एस वेणुगोपाल चारी और एम रविंदर रेड्डी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य खेल स्टेडियमों, ओलंपिक प्रतियोगिताओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना और भविष्य में ओलंपिक के आयोजन की संभावनाओं का पता लगाना है। प्रतिनिधिमंडल खेल विकास को प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों द्वारा अपनाई गई नीतियों की जांच करेंगे और पदक तालिका में उनकी सफलता में योगदान देने वाले कारकों का विश्लेषण करेंगे। प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रेड्डी और प्रबंध निदेशक ए सोनी बालादेवी ने कहा कि यह दौरा तेलंगाना में खेलों के विकास के लिए आवश्यक उपायों की पहचान करने में मदद करेगा। उनका मानना है कि प्राप्त अंतर्दृष्टि राज्य के लिए एक मजबूत खेल नीति बनाने में योगदान देगी। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि यह दौरा तेलंगाना में सर्वश्रेष्ठ खेल नीतियों को लाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है जिसका उद्देश्य खेल विकास को बढ़ावा देना।

## किरण 400 मीटर हीट में सातवें स्थान पर रही

### सेमीफाइनल में जगह के लिए रेपेचेज में लेगी हिस्सा

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारत की किरण पहल सोमवार को पेरिस ओलंपिक की अपनी हीट रेस में सातवें स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 400 मीटर में स्वत: सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। अब वह रेपेचेज दौर में दौड़ेंगी। अपना 24वां जन्मदिन मना रही किरण ने 52.51 सेकेंड का समय लिया जो उनके सत्र के 50.92 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से काफी कम था।

डोमिनिका की विश्व चैंपियन मारिलिडी पॉलिनो ने 49.42 सेकेंड के समय के साथ हीट जीती, उसके बाद अमेरिका की आलिया बटलर (50.52) और ऑस्ट्रिया की सुजैन गोगल-वाल्ली (50.67) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। छह हीटों में से प्रत्येक में शीर्ष तीन ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की जबकि डीएनएस (रेस शुरू नहीं करने वाले) डीएनएफ (रेस खत्म नहीं करने वाले) और डीक्यू (अयोग्य) को छोड़कर अन्य सभी मंगलवार को होने वाले रेपेचेज दौर में भाग लेंगे।



किरण ने जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था। इस ओलंपिक खेल में बाधा दौड़ स्पर्धाओं सहित 200 मीटर से 1500 मीटर तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पर्धाओं में रेपेचेज राउंड शुरू किया जाएगा। अब प्रत्येक हीट में शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ियों को सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि अन्य खिलाड़ियों को रेपेचेज के जरिए यहां पहुंचने का मौका मिलेगा।

## मांडविया और सिंधिया ने पेरिस ओलंपिक के लिए स्मरणीय डाक टिकट किए जारी

नई दिल्ली, 5 अगस्त। केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 33वें ओलंपिक पेरिस 2024 के उपलक्ष्य में सोमवार को संयुक्त रूप से स्मरणीय डाक टिकट जारी किए। आज यहां आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, खेल केवल एक स्पर्धा नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका होते हैं। इन डाक टिकटों का जारी होना खेलों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय गौरव और एथलीटों के लिए प्रोत्साहन का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि खेल एक स्वस्थ राष्ट्र को बढ़ावा देते हैं जो कि धन और समृद्धि के लिए आवश्यक है। खेल लोगों को एक साथ लाते हैं, जिससे व्यक्तिगत फिटनेस और राष्ट्रीय कल्याण दोनों में वृद्धि होती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार का प्राथमिक ध्यान एथलीटों पर रहा है और सरकार ने सुनिश्चित किया है कि उन्हें सफल होने के लिए जरूरी तमाम सहायता और सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि सरकार ने संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए पूरी लगन से काम किया है ताकि एथलीट बिना किसी बाधा के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा, इन डाक टिकटों को जारी करके हमने अपने खिलाड़ियों और अपने राष्ट्र को याद किया है। आइए हम सभी चीयर4भारत करें और अपने एथलीटों को प्रोत्साहित करें। केन्द्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 33वें ओलंपिक पेरिस 2024 पर एक डाक टिकट जारी करना भारत की ऐतिहासिक खेल विरासत को एक ट्रिब्यूट है। इस टिकट के साथ हम अपने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत को मान देते हैं और उसे सेलिब्रेट करते हैं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार आज खेल और खेलों का बुनियादी ढांचा आखिरी मील तक पहुंच रहा है। यहां तक कि हमारे डाक विभाग के कर्मचारी भी खेलों के क्षेत्र में अविश्वसनीय उपलब्धियां दिखा रहे हैं। मुझे यकीन है कि इस टिकट के जरिए हम डाक टिकट संग्रहण के अपने समृद्ध इतिहास में इज़ाफा करेंगे और युवा खिलाड़ियों को खेल क्षमताओं का निर्माण करने और वैश्विक मंच पर भारत को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करेंगे। मैं पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाले भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम में हाल ही में ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत सिंह, पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और स्टीपलचेज एथलीट सुधा सिंह सहित खेल जगत की जानी-मानी हस्तियों के साथ-साथ डाक टिकट संग्रहकर्ता और स्कूली बच्चे भी शामिल हुए।

## डिंडीगुल ने जीता टीएनपीएल का खिताब

चेन्नई, 5 अगस्त। डिंडीगुल ड्रैगन्स ने रविचंद्रन अश्विन के अर्द्धशतक (52) और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तमिलनाडु प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में लायक कोवई किंग्स को छह विकेट से हराकर अपना पहला खिताब जीत लिया।

लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंची लायक कोवई किंग्स ने पहली बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 129 रन बनाए। डिंडीगुल की ओर से संदीप वारियर, वरुण चक्रवर्ती और पी विग्नेश ने दो-दो विकेट चटकाए। अश्विन ने भी अपने चार ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए केवल 13 रन ही दिए। कोवई की टीम को एक कम स्कोर पर रोकने के बाद जवाब में डिंडीगुल ने 10 गेंदें शेष रहते यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। हालांकि पहले बल्लेबाजी करते हुए कोवई की टीम ने अच्छी शुरुआत की थी और पहले पांच ओवर में महज एक विकेट के नुकसान पर 48 रन जोड़े।

लेकिन पावरप्ले के अंतिम ओवर में वरुण ने लगातार दो विकेट ले लिए। क्वालिफायर एक में 123 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले बी साई सुदर्शन भी कुछ खास नहीं कर पाए और बैकवर्ड प्वाइंट के हाथों में सीधा कैच थमा बैठे। सुदर्शन के विकेट के बाद कोवई की टीम 51 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद अतीक़ उर रहमान और राम अरविंद के बीच 28 गेंदों में 36 रनों की साझेदारी हुई लेकिन सुबोत भाटी द्वारा साझेदारी तोड़े जाने के बाद कोवई की टीम वापसी नहीं कर पाई, उनके कप्तान शाहरुख खान भी फाइनल में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए।

हालांकि शुरुआत में डिंडीगुल के लिए भी लक्ष्य का पीछा करना आसान प्रतीत नहीं हो रहा था। उनके दोनों सलामी बल्लेबाज 15 गेंदों के भीतर ही पवेलियन लौट गए थे। लेकिन इसके बाद अश्विन और बी इंद्रजीत के बीच 65 गेंदों में हुई 65 रनों की साझेदारी के चलते डिंडीगुल की पारी संभल गई। अश्विन ने अपनी अर्धशतकीय पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए।

इस सीजन में यह अश्विन का लगातार तीसरा अर्धशतक था। अंत में सरत कुमार ने 15 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रनों की पारी खेलकर डिंडीगुल की जीत सुनिश्चित कर दी अश्विन को उनके शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड से नवाजा गया जब्जी शाहरुख को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। शाहरुख ने इस संस्करण में 182.92 के स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए और 13 विकेट भी लिये।

### दिनेश कार्तिक एसए-20 लीग के दूत नियुक्त

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को एसए-20 लीग का लीग दूत (एम्बेसडर) नियुक्त किया गया। कार्तिक दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

उन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। एसए20 की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में कार्तिक के हवाले से कहा गया, " इस लीग के शुरुआती दो सत्र कमाल के रहे हैं जिसमे दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओं ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किये है।"

विज्ञप्ति के मुताबिक, "कार्तिक लीग के वैश्विक प्रशंसक आधार को मजबूत करने और भारत तथा इंग्लैंड के प्रमुख रणनीतिक बाजारों में ब्रांड जागरूकता को मजबूत करने में मदद करने के लिए साथी खिलाड़ी और एसटी20 के अन्य दूत एबी डिविलियर्स और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।"

## वाशिंगटन सुंदर जुलाई के आईसीसी के माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड के गस एटकिंसन और स्कॉटलैंड के चार्ली कासेल के साथ जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। पिछले कुछ समय से चोटों से जूझने के बाद सुंदर ने आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित किया है। सुंदर उस युवा भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा किया था।

टी20 विश्व कप जीत के बाद नियमित खिलाड़ियों का आराम दिए जाने पर 24 वर्षीय सुंदर को टीम में जगह मिली और वह टीम के प्रमुख स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरे। उन्होंने अपनी योग्यता साबित की और उन पर किए गए विश्वास को सही ठहराया। सुंदर ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की अप्रत्याशित हार के दौरान प्रभावित किया। उन्होंने 11 रन देकर दो विकेट चटकाने के लिए 27 रन भी बनाए लेकिन टीम 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 रन से हार गई।

इस युवा ऑलराउंडर ने भारत की वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बाकी बचे चार मैच में छह विकेट चटकाए और भारत को 4-1 से श्रृंखला जिताने में मदद की। तीसरे मैच में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाने के लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट (आठ) लेने के लिए सुंदर को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। श्रीलंका श्रृंखला के लिए नियमित खिलाड़ियों की वापसी के साथ सुंदर को सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उन्होंने इसका फायदा उठाया और सुपर ओवर में भारत की जीत के बाद उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

लॉर्ड्स मेंएटकिंसन ने जेम्स एंडरसन के विदाई अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की। तेज गेंदबाज एटकिंसन ने अपने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 विकेट चटकाए। उन्होंने दोनों पारियों में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए पहली पारी में 45 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम सिर्फ 121 रन पर सिमट गई। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी पारी में भी 61 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से जीत दर्ज की।

कासेल ने डुंडी में ओमान के खिलाफ अपने एकदिवसीय पदार्पण में सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने 21 रन देकर सात विकेट चटकाए और एकदिवसीय पदार्पण में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का कागिसो रबाडा (16 रन पर छह विकेट) का नौ साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ा। कासेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहली दो गेंद पर दो विकेट चटकाए। यह तेज गेंदबाज 18वें ओवर तक पांच विकेट चटका चुका था। कासेल का यह प्रदर्शन पदार्पण में विश्व रिकॉर्ड के साथ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सातवां सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। उनके बेहतर प्रदर्शन सिर्फ एंडी बिकेल, वानिंदु हसरंगा, राशिद खान, ग्लेन मैकग्रा, शाहिद अफरीदी और चमिंडा वास ने किया है।

## अमेरिका को 20 साल बाद 100 मीटर में गोल्ड

### पेरिस ओलिंपिक में लायल्स ने 9.79 सेकेंड में दौड़ पूरी की, जमैका के थॉम्पसन को सिल्वर

नई दिल्ली, 5 अगस्त। अमेरिका के स्प्रिंटर नोआ लायल्स ने पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स की मेंस 100 मीटर रेस का गोल्ड जीत लिया है। उन्होंने 9.79 सेकेंड में दौड़ पूरी की। इसी के साथ ने 20 साल बाद ओलिंपिक की 100 मीटर रेस का गोल्ड हासिल किया। 2004 के एथेंस ओलिंपिक में अमेरिका के जस्टिन गैटलिन ने इस कैटेगरी का गोल्ड जीता था।

सोमवार रात जमैका के किशाने थॉम्पसन (9.79 सेकेंड) ने सिल्वर और के



फ्रेड कर्ली (9.81 सेकेंड) ने ब्रॉन्ज हासिल किया। लायल्स ने 9.79 (.784) सेकेंड और थॉम्पसन ने 9.79 (.789) सेकेंड में रेस पूरी की।

ओलिंपिक मेडल टैली में अमेरिका की टीम 19 गोल्ड, 26 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नंबर वन है। दूसरे नंबर पर चीन और तीसरे नंबर पर फ्रांस है। भारत 3 मेडल की साथ 57वें स्थान पर है। मनु भाकर ने विमेंस इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट, मनु और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीते। साथ ही स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में ब्रॉन्ज दिलाया।

साल 2017 में नोआ ने 200 मीटर रेस में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। इसके बाद साल 2019 में उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में 200 मीटर और 400 मीटर रिले में गोल्ड मेडल जीता। साल 2020 में टोक्यो ओलिंपिक में नोआ ने 200 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीता। साल 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में 200 मीटर में गोल्ड और 400 मीटर रिले सिल्वर मेडल जीता।

## राजनीतिक अस्थिरता के कारण बांग्लादेश में होने वाले टी-20 महिला विश्व कप पर संशय



नई दिल्ली, 5 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की आंतरिक सुरक्षा टीम बांग्लादेश में फैली अराजकता पर नजर बनाये हुये है क्योंकि इस देश में अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक बांग्लादेश को तीन से 20 अक्टूबर तक महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करनी है। बांग्लादेश में फैली हिंसा के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश से भागना पड़ा। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमा ने सोमवार को ढाका में हसीना सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच कहा कि बांग्लादेश में एक अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी। देश में फैली हिंसा में पिछले दो दिनों में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई। आईसीसी इस मुद्दे पर अभी इंतजार करने की नीति अपना रहा है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, "आईसीसी के पास अपने सभी सदस्य देशों में एक स्वतंत्र सुरक्षा निगरानी प्रणाली है। स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने में सात सप्ताह बाकी हैं। ऐसे में इस पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी कि टूर्नामेंट को बांग्लादेश से स्थानांतरित किया जाएगा या नहीं।" बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन हो रहा है।

इसके तहत 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले लड़ाकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। आईसीसी सूत्र ने कहा कि मार्च 2022 में श्रीलंका में अशांति की ऐसी ही स्थिति थी जब प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के आधिकारिक आवास पर धावा बोल दिया था।

## हॉकी में ग्रेट ब्रिटेन के गोलकीपर की चालाकी

### शूटआउट के समय टैबलेट के इस्तेमाल को लेकर मचा बवाल

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारतीय हॉकी टीम का सेमीफाइनल का मुकाबल जर्मनी के साथ 6 अगस्त को होगा। लेकिन उससे पहले रविवार को हुए ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मुकाबले में भारत ने शूटआउट में शानदार प्रदर्शन कर ब्रिटेन पर 4-2 से जीत दर्ज की। निर्धारित 60 मिनट के इस मैच में टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूटआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। पीआर श्रीजेश एक बार फिर अपनी स्मार्ट गोलकीपिंग से टीम की जीत के हीरो बने। लेकिन इस मैच में काफी विवाद भी देखने को मिले। कुछ तो ऐसे नजारे थे जिन्हें देखकर हर कोई हैरान रह गया।

दरअसल, हुआ यूं कि शूटआउट के शुरुआत होने से पहले ग्रेट ब्रिटेन के गोलकीपर को अपने साथ आईपैड रखने की अनुमति दी गई थी जिसे देखकर भारतीय हॉकी खिलाड़ी हैरान रह गए। उन्होंने रेफरी के सामने इसका विरोध किया। भारतीय खिलाड़ियों के विरोध करने के बाद रेफरी ने ब्रिटेन के गोलकीपर से डिवाइस जब्त कर ली। जिसके बाद भारत ने दूसरा पेनल्टी शॉट मारा।

बता दें कि, हॉकी इंडिया के रेफरी को लेकर सवाल खड़े किए हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्का ने इस घटना पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि ये एक ऐसा व्यवधान है जिससे बचा जाना चाहिए।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विकासकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक को संबोधित किया।*

# पम्प भण्डारण परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार लाएगी नीति- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण में पम्प भंडारण परियोजनाओं का अहं योगदान है

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकासकर्ताओं के साथ मीटिंग की और प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि पम्प भंडारण परियोजना के लिए बनाई जाने वाली नीति से नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा।

जयपुर, 5 अगस्त (का.सं.)। सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित विभिन्न विकासकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में नवीकरणीय ऊर्जा का अहम योगदान है। इसलिए राज्य सरकार प्रदेश में पम्प भण्डारण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए नीति लाने वाली है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण में पम्प भण्डारण परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार एक स्पष्ट और ठोस नीति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नीति से निवेशकों को पम्प भण्डारण परियोजनाओं की स्थापना एवं संचालन के संबंध में स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा और वे इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए आकर्षित होंगे। उन्होंने विकासकर्ताओं से कहा कि वे अपने सुझाव राज्य सरकार को प्रेषित करें, जिनका उचित परीक्षण कर राज्य सरकार आगामी नीति में शामिल करेगी। बैठक में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पम्प भण्डारण परियोजनाओं की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने प्रदेश में 8 संभावित स्थानों पर 7100 मेगावाट की पम्प भण्डारण परियोजनाओं को चिन्हित किया है। साथ ही, कई विकासकर्ता भी पम्प भण्डारण परियोजनाओं से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान मे, राजस्थान विंड एंड हाइब्रिड एनर्जी पॉलिसी- 2019, एवं राजस्थान अक्षय ऊर्जा नीति- 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत पम्प भण्डारण परियोजनाओं पर कार्य किया जाता है।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोरा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं निजी विकासकर्ताओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# भारत ने बांग्लादेश के लिए विमान व रेल सेवा पर रोक लगाई

## बांग्लादेश में मची भारी हिंसा व राजनैतिक उथलपुथल के कारण यह फैसला लिया गया है

- एयर इंडिया ने उड़ानों के पुनर्निर्धारण व टिकट कैंसल किए जाने पर छूट का आश्वासन दिया है।
- रेल्वे के सूत्रों ने बताया कि कोलकाता से चार यात्री रेल बांग्लादेश जाती हैं जिन्हें स्थगित कर दिया गया है। हालात सामान्य होने पर ट्रेन सेवा बहाली पर विचार किया जाएगा।

नयी दिल्ली, 05 अगस्त। बंगलादेश में राजनीतिक संकट को देखते हुए, एयर इंडिया ने सोमवार को ढ ाका से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को तत्काल स्थगित करने की घोषणा की। इसी प्रकार भारतीय रेलवे ने भी कोलकाता से ढ ाका एवं खुलना के लिये चलने वाली चारों यात्री ट्रेन सेवायें और मालगाड़ियों का परिचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है।

एयरलाइन ने यात्रियों को उड़ानों के लिए पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट का आश्वासन भी दिया। एयर इंडिया ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, बंगलादेश में उभरती स्थिति को देखते हुए हमने ढ ाका से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों के निर्धारित संचालन को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

पोस्ट में कहा गया, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढ ाका से आने-जाने के लिए कन्फर्म बुकिंग वाले अपने यात्रियों को पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट के साथ सहायता प्रदान कर रहे हैं। पोस्ट में कहा गया, हमारे मेहमानों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे 247 संपर्क केंद्र पर 011-69329333 / 011-69329999 पर कॉल करें। रेलवे के सूत्रों के अनुसार कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस तथा ढ ाका-न्यू जलपाईगुड़ी- ढ ाका, मिताली एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि माल ढ ुलाई परिचालन को भी रोक दिया गया है। इस समय बंगलादेश में भारतीय रेलवे के 168 लोडेड वैगन 187 खाली वैगन हैं। इसके अलावा बंगलादेश के लिये आठ लोडेड रेक भारत में रोके गये हैं।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा है कि भारत-बंगलादेश सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और स्थिति अभी सामान्य है। बी.एस.एफ. ने बंगलादेश में सेना की ओर से सोमवार को शेख हसीना सरकार का तख्तापलट किए जाने के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि, बी.एस.एफ. के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी, पूर्वी कमान में डीजी पहले से ही मौजूद हैं। भारत-बंगलादेश सीमा पर स्थिति अभी सामान्य है।

बीएसएफ ने कहा, भारत-बंगलादेश सीमा पर स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सके।

## बेसमेंट में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अभ्यर्थियों की दुखद मौत का हवाला देते हुए कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को, (बेसमेंट में हुई) घटना के बाद अग्निशमन विभाग से वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बिना राज्य में चल रहे कोचिंग सेंटरों को बंद करने का निर्देश दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने दो अगस्त को घटना की जांच दिल्ली पुलिस से लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी। एक निजी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में 27 जुलाई को अचानक बारिश का पानी घुसने के बाद वहां तीन विद्यार्थियों की डूबकर मृत्यु हो गई थी।

इस घटना के बाद से दिल्ली के राजेंद्र नगर और मुखर्जी नगर क्षेत्र में यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहे सैकड़ों विद्यार्थी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# सी.बी.आई. मुकदमे में केजरीवाल को राहत नहीं

नयी दिल्ली, 05 अगस्त। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में आरोपी, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द किये जाने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। उन्होंने कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। उच्च न्यायालय ने गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इन्कार कर दिया, लेकिन याचिकाकर्ता को निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी।

## आर.सी.ए...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने बताया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने अपील को मंजूर करते हुए सुनवाई के लिए दो बिंदु तय किए थे, कि क्या अपीलीय अधिकारी मामले में सुनवाई करने के लिए सक्षम थे और क्या सुनवाई का वैकल्पिक विकल्प मौजूद होने के बावजूद अदालत प्रकरण में सुनवाई कर सकती है? सुनवाई के दौरान दोनों बिंदुओं पर जवाब पेश करने के लिए महाधिवक्ता ने समय मांगा। इस पर अदालत ने प्रकरण की सुनवाई 13 अगस्त तक टाल दी है।

## बांग्लादेश का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बनर्जी की इस टिप्पणी का बांग्लादेश सरकार ने भारी विरोध किया था। ऐसा लगता है कि सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री को देश से बाहर भागने में मदद की है। नाराज़ लोगों ने प्रधानमंत्री के कार्यालय और आवास में भारी तोड़-फोड़ की। शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति भी तोड़ दी, जबकि उन्होंने ही बांग्लादेश को एक स्वयंभू राष्ट्र बनाया था।

शेख हसीना दिल्ली पहुंच गई हैं। हालांकि उन्होंने भारत में राजनैतिक शरण नहीं मांगी है, पर, ब्रिटेन ने स्थायी आवास की उनकी अपील ठुकरा दी है। कोई अन्य व्यवस्था होने तक वे भारत में ही रहेंगी। यह भारत के लिए दुविधा की स्थिति मानी जा रही है। अगर भारत ने हसीना को शरण दी तो बांग्लादेश के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर पहले ही बांग्लादेश की स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री को बता चुके हैं।

खबर है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शेख हसीना से मुलाकात की है। हालांकि, इसके बारे में विदेश मंत्रालय ने कोई अधिकृत सूचना जारी नहीं की है।

# विपक्षी नेता खालिदा जिया की रिहाई

- बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्षी नेता खालिदा जिया को रिहा करने के आदेश दिए।
- सेना ने मंगलवार से कर्फ्यू खत्म होने और स्कूल, व्यवसाय खुलने की बात कही।

ढ ाका, 05 अगस्त। बांग्लादेश में मचे हंगामे के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। राष्ट्रपति ने जेल में बंद पूर्व पीएम और विपक्षी नेता खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया है।इसके अलावा सेना की तरफ से एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। सेना ने कहा है कि बांग्लादेश में मंगलवार सुबह कर्फ्यू खत्म हो जाएगा। स्कूल और व्यवसाय फिर से खुलेंगे।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने सोमवार को कहा कि उनकी मां अब राजनीति में नहीं लौटेंगी। हसीना के पूर्व आधिकारिक सलाहकार रहे जॉय ने कहा कि उनकी मां ने परिवार के आग्रह पर अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ दिया। हसीना (76 वर्ष) ने अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया और लंदन के लिये रवाना हो गईं।

'बीबीसी वर्ल्ड सर्विस' पर 'न्यूज़आवर' को दिए एक इंटरव्यू में जॉय ने कहा कि उनकी मां की कोई राजनीतिक वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हसीना रविवार से ही इस्तीफा देने पर विचार कर रही थीं और परिवार के आग्रह के बाद अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़कर चली गईं।

खबर के मुताबिक, जॉय ने कहा कि 15 साल तक बांग्लादेश पर शासन करने वालीं उनकी मां बहुत निराश थीं कि उनकी इतनी मेहनत के बाद भी लोग उनके खिलाफ उठ खड़े हुए। हसीना की निराशा को अभिव्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने बांग्लादेश को बदल दिया है। जब उन्होंने सत्ता संभाली थी, तो इसे एक असफल राष्ट्र माना जाता था। यह एक गरीब देश था। लेकिन आज इसे एशिया के उभरते देशों में से एक माना जाता था। वह बहुत निराश हैं।

## 'पर्यटन की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कमेटी ने पर्यटन के लिहाज से न्यूनतम प्रभावकारी गतिविधियां करने का सुझाव दिया, साथ ही कचरा, यातायात व जल उपयोग पर सख्त नियम लागू करने का सुझाव दिया था। उपरोक्त सभी मदों से संबंधित रिपोर्ट को वहां की राज्य सरकार ने खारिज कर दिया था। इसमें केरल भी शामिल है और सरकार ने वर्ष 2013 में इस मामले पर एक नई समिति का गठन किया था जिसने पहाड़ी सीमा में संरक्षित एरिया को घटाकर 60 प्रतिशत के बजाए 37 प्रतिशत कर दिया था।

विशेषज्ञों ने पर्यटन बढ़ाने के लिए किए जा रहे विकास की आलोचना की, परन्तु बहुत सारे स्थानीय निवासियों ने तर्क दिया कि पर्यटन से जरूरी रोजगार मिलेगा जो कि यहां पर प्लान्टेशन के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार माध्यम है। हालांकि, इस दृष्टिकोण को गलत नहीं कहा जा सकता लेकिन इस समस्या को बढ़ाने में इस उद्योग की भूमिका को स्वीकार करने की हिम्मत की जरूरत है। यह ऐसा समय है, जब ऐसी भयावह गलतियों से सबक सीखने की जरूरत है।

## जयपुर ग्रामीण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिर्फ 1615 मतों से पराजित होना बताया गया। वहीं, जब उन्होंने पोस्टल बैलेट के मतों की पुनः गणना करने को कहा तो यह कहते हुए इन्कार कर दिया गया कि पोस्टल बैलेट की संख्या कम है, जबकि वास्तव में इनकी संख्या 1615 से काफी ज्यादा थी। यदि उनकी पुनः गणना होती तो वे विजयी हो जाते। इसलिए मतों की पुनः गणना कराई जाए और उन्हें विजयी घोषित किया जाए।

गौरतलब है कि चुनाव में भाजपा के राव राजेन्द्र सिंह को 6 लाख 17 हजार 877 मत मिले थे, जबकि अनिल चोपड़ा को 6 लाख 16 हजार 262 मत प्राप्त हुए थे। उस समय अनिल चोपड़ा ने पोस्टल बैलेट के मतों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पुनः मतगणना की मांग की थी, लेकिन उनकी मांग को खारिज कर दिया गया, जिसके बाद चोपड़ा रिटर्निंग ऑफिसर के कमरे में धरने पर भी बैठ गए थे।

## कांग्रेस ने शिवराज ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसकी 50 प्रतिशत अधिक राशि बतौर एम.एस.पी. मिल रही है वहीं, सुप्रीम कोर्ट में 6 फरवरी 2015 में दायर एक हलफनामा में भाजपा सरकार ने कहा था कि यह संभव नहीं है। हम जानना चाहते हैं कि वास्तव में सच क्या है।

कांग्रेस ने केन्द्रीय कृषि मंत्री के इस दावे को भी चुनौती दी कि किसानों को एम.एस.पी. की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें विभिन्न फसलों पर एम.एस.पी. से ज्यादा मूल्य मिल रहा है।

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि चौहान को झूठ बोलने की आदत है। उन्होंने चौहान के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि जब 2003 में जब दिग्विजय सिंह ने राज्य की सत्ता छोड़ी थी, तब मध्यप्रदेश की 7 लाख हैक्टयर जमीन ही सिंचित थी। जबकि 1997-1998 में राज्य की 33 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित थी।

उन्होंने चौहान के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को कभी भी कर्ज में राहत नहीं दी, जबकि जब कमलनाथ मुख्यमंत्री बने थे, तब महज मध्यप्रदेश के 37 लाख किसानों को कर्ज माफ हुआ था।

## बांग्लादेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चीजों पर हुआ है। उनकी मूर्ति गिरा दी गई है। शुरुआती संकेत बता रहे हैं कि देश अब बहुत उग्र और कट्टर इस्लामिक व्यवस्था की तरफ तेज़ी से बढ़ेगा। सबसे बुरी बात यह होगी कि भारत को इन घटनाक्रमों से बहुत नुकसान होगा। उल्लेखनीय है कि पूरे बाँग्लादेश में मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। रामकृषण मिशन की इकाइयाँ एवं मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। 'भारत सेवाश्रम संघ' पर हमला हुआ है।

# बांग्लादेश में भारी बवाल, प्रधानमंत्री शेख...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कार्यकर्ताओं ने इस दौरान ऑटोमैटिक हथियारों का भी प्रयोग किया।

सरकारी नौकरियों एवं शिक्षण संस्थानों में कुछ चुने हुए समूहों को आरक्षण देने के खिलाफ सप्ताहों तक चले विरोध प्रदर्शनों का सीधा परिणाम यह हुआ कि हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। ढ़ाका में सोमवार को हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री हसीना के सरकारी आवास में घुस गए।

आरक्षण कोटा सिस्टम के विरुद्ध छात्रों का प्रदर्शनकारी आन्दोलन जून माह में शांतिपूर्वक तरीके से प्रारम्भ हुआ था। हालांकि, बाद में यह आन्दोलन हिंसक हो गया था इसके परिणामस्वरूप दर्जनों लोगों की मृत्यु हो गई थी। एक अल्पकालिक शांति के बाद, हिंसक विरोध-प्रदर्शन पिछले सप्ताह फिर भड़क गया था। गत दो दिनों में इसके चलते 100 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी।

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट द्वारा 21 जुलाई को सरकारी नौकरियों में भर्ती संबंधी विवादित आरक्षण कोटा को रद्द करने, जिसे कम करके 56 प्रतिशत से 30 प्रतिशत कर दिया गया था, के बाद से उम्मीद की जा रही थी कि आन्दोलन समाप्त हो जाएगा, लेकिन यह तो और भी खतरनाक हो गया था।

शेख हसीना ने आन्दोलनकारियों के वार्ता के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिसमें उन्होंने कोटा सिस्टम का उचित समाधान बातचीत से सुलझाने का आह्वान किया था। परन्तु हसीना ने आरोप लगाया कि आन्दोलनकारी उन्हें बलपूर्वक पद से हटाने की योजना बना रहे थे तथा इस शंका के चलते उन्होंने हजारों की संख्या में विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को जारी रखा। हसीना ने कट्टरपंथी धार्मिक संगठन जमात-ए-इस्लामी पर पाबंदी लगा दी और आन्दोलन की छवि को खराब करने के लिए उसे पाकिस्तान समर्थित बताया तथा कट्टरपंथी इस्लामिक रंग देने की कोशिश की। छात्रों ने एक सूत्रीय कार्यक्रम अपनाया था-सरकार को पद छोड़ने के लिए बाध्य करना और लोकतंत्र बहाली।

स्टूडैन्ट प्लेटफॉर्म फॉर नॉन कोऑपरेशन मूवमैंट के समन्वयक नाहिद इस्लाम ने शनिवार को ढाका की शहीद मीनार से घोषणा की थी कि हम इस निर्णय पर पहुंचे हैं कि इंसानी जान की सुरक्षा और समाज में न्याय सुनिश्चित करने के लिए हम एक सूत्रीय मांग करेंगे कि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद और मौजूदा सरकार सत्ता छोड़े तथा फासीवाद खत्म हो।

बांग्लादेश के सतत ग्रोथ मॉडल ने क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा दिया है तथा कुछ खास समूहों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाने वाली आर्थिक नीतियां संरक्षणवाद का प्रतिबिम्ब हैं।

सरकार ने पूर्व में इन्टरनैट शटडाउन का आदेश दिया था क्योंकि विरोधियों ने आम जनता से "लॉन्ग मार्च टू ढाका" की अपील की थी। हालांकि एक सरकार एजेंसी ने मौखिक आदेश देकर सोमवार को सवा बजे इन्टरनैट चालू करवा दिया।

बांग्लादेश मीडिया के एक सूत्र ने बताया कि अपनी सुरक्षा टीम की सलाह पर शेख हसीना ने देश छोड़ दिया, उन्हें तैयारी का समय भी नहीं मिला। वे कार से रवाना हुई तथा बाद में हैलीकॉप्टर से देश के बाहर चली गईं।

उनके देश छोड़ने के बाद उत्साही भीड़ ने झंडे लहराए, नृत्य किया। उन्होंने हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति तोड़ दी जो कि बांग्लादेश की आज़ादी के महानायक रहे हैं।

शेख हसीना के जाने के बाद अमेरिका में रह रहे उनके बेटे सजीब वाजेद ने सेना से सरकार को बचाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि "हमारी जनता और देश की सुरक्षा व संविधान की गरिमा बनाए रखना आपकी जिम्मेवारी है। इसका अर्थ है कि एक मिनट के लिए भी कोई गैर निर्वाचित सरकार सत्ता न संभालने पाए।

शेख हसीना वाजेद कहां जाएंगी, इस बारे में काफी अटकलें हैं। भारत, यू.के. और फिनलैंड जैसे देशों का नाम चर्चा में है।






सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908